JEE Mains + Advance

CHEMISTRY

JEE Sarthi KOTA

Sample Module





Chapter

आयनिक साम्य

JEE Module Details

(Total = 24)

CLASS - XI : 12 MODULES

PHYSICS

Module - 1	
Ch. No.	Chapter Name
1.	Mathematical Tools
2.	Vector
3.	Unit, Dimension and Measurement
4.	Kinematics
5.	Newton's Laws of Motion
Module - 2	
Ch. No.	Chapter Name
1.	Work Power and Energy
2.	Center of Mass & Collision
3.	Rotational Motion
4.	Gravitation
Module - 3	
Ch. No.	Chapter Name
1.	Fluid Mechanics
2.	Surface Tension
3.	Elasticity & Viscosity
4.	Simple Harmonic Motion
Module - 4	
Ch. No.	Chapter Name
1.	Thermometry & Calorimetry
2.	Thermal Expansion
3.	Kinetic Theory of Gases
4.	Thermodynamics
5.	Heat Transfer

CHEMISTRY

Module - 1	
Ch. No.	Chapter Name
1.	Some Basic Concept of Chemistry
2.	Atomic Structure
3.	Redox Reactions
4.	States of Matter
Module - 2	
Ch. No.	Chapter Name
1.	Chemical Equilibrium
2.	Ionic Equilibrium
3.	Chemical Thermodynamics & Energetics
Module - 3	
Ch. No.	Chapter Name
1.	Periodic Table and Periodic Properties
2.	Chemical Bonding
3.	Hydrogen and its compounds
4.	s-Block elements
5.	p-Block (13 to 14 groups)
Module - 4	
Ch. No.	Chapter Name
1.	IUPAC
2.	Isomerism
3.	GOC-I
4.	Hydrocarbons
5.	Environmental Chemistry

MATHEMATICS

Module - 1	
Ch. No.	Chapter Name
1.	Set & Relations
2.	Trigonometric Ratios
3.	Trigonometric Equation
4.	Solution of a Triangle
Module - 2	
Ch. No.	Chapter Name
1.	Sequence and Series
2.	Quadratic Equations and Inequalities
3.	Complex Numbers
4.	Limits & Derivative

Module - 3	
Ch. No.	Chapter Name
1.	Binomial Theorem
2.	Permutations and Combinations
3.	Straight Lines
4.	Circle
Module - 4	
Ch. No.	Chapter Name
1.	Parabola
2.	Hyperbola
3.	Ellipse

JEE : Chemistry

Sample Module

STUDENT NAME:_____

SECTION: _____ROLL NO: _____

NEET Sarthi

CONTENTS

Chapter No.	Topic	Page No.
1.	परिचय (Introduction)	01
2.	आरहेनियस का सिद्धांत (Arrhenius Concept)	02
3.	ओस्टवाल्ड का तनुता नियम (Ostwald's Dilution Law)	03
4.	जल की व्याख्या (Biodata Of Water)	05
5.	विभिन्न प्रकार के विलयन की pH गणना (pH Calculation Of Different Type Of Solution)	07
6.	दुर्बल अम्ल, दुर्बल क्षार तथा बहुप्रोटीक अम्ल उनकी pH (Weak Acid, Weak Base and their pH, Polyprotic acid)	09
7.	लवण, लवण के प्रकार और संयुग्म सिद्धांत (Salts, Types Of Salt And Conjugate Theory)	13
8.	लवणों का जल–अपघटन (Hydrolysis Of Salts)	15
9.	विलेयता तथा विलेयता गुणनफल (K_{sp}) (Solubility And Solubility Product (K_{sp}))	24
10.	विलेयता गुणनफल (K_{sp}) के अनुप्रयोग (Application Of Solubility Product (Ksp))	25
11.	pH प्रस्तावना (Ph INTRODUCTION)	31
12.	बफर विलयन (Buffer Solution)	32
13.	बफर क्षमता (Buffer Capacity)	34
14.	संकेतकों का ओस्टवाल्ड सिद्धांत (Ostwald Theory Of Indicators)	36
15.	अम्ल और क्षार संकल्पना (Acid And Base Concept)	38
16.	ब्रॉन्सटेड–लॉरी सिद्धान्त (Bronsted-Lowry Concept (1923))	39
17.	लुईस अवधारणा (Lewis Concept (1939))	40
18.	EXERCISE-I	43-54
19.	EXERCISE-II	55-59
20.	EXERCISE-III	60-66
21.	Answer Key	67-68

NEET Sarthi

❖ PREFACE ❖

This module covers the theoretical concepts associated with NEET syllabus and contain sufficient multiple choice and previous year questions. We are confident that students would find this module helpful for their preparations.

Research & Development team of NEET Sarthi keeps working to improve the study material. Suggestions and inputs from students and readers are always welcome.

About NEET Sarthi

NEET Sarthi, A platform for JEE, NEET, NTSE and other competitive exams, is an initiative by highly renowned faculties from Kota (the coaching capital of India) and Tech team from Bangalore (the Silicon Valley of India). Our mission is to provide extensive and high-quality education to students. Specially, our vision is to be top most institute in terms of academic quality & student care.

Our top Faculties teaches students in 2-way online interactive classes. We create high quality questions and video solutions for NEET/ JEE preparation. Every time you use NEET Sarthi App for NEET & NTSE and JEE Sarthi app for JEE mains & advanced, you move one step closer to fulfill your dream to become a Doctor or Engineer!

"If you can dream it, you can do it" **-Dr. A.P.J. Abdul kalam**

NEET SARTHI **(Brand owned by registered company)**

Copyright © 2021 Sarthee Neet Guru Academy LLP, Kota (Raj.)

All rights reserved exclusively with Sarthee Neet Guru Academy LLP. No part of this publication may be reproduced, distributed, redistributed, copied or transmitted in any form or by any means, including photocopying, recording, or other electronic or mechanical methods, without the prior written permission of Sarthee Neet Guru Academy LLP.

NEET Sarthi

Chapter-02

आयनिक साम्य (Ionic Equilibrium)

- ओस्टवाल्ड का तनुता नियम
- ओस्टवाल्ड का तनुता नियम
- जल की व्याख्या
- लवण, लवण के प्रकार और संयुग्म सिद्धांत
- लवणों का जल–अपघटन
- विलेयता तथा विलेयता गुणनफल (K_{sp})
- बफर विलयन
- अम्ल और क्षार संकल्पना

परिचय (INTRODUCTION) :

सूत्र:	Log के कुछ मान:
(i) $\ln x = \log_e x = 2.303 \log_{10} x = 2.303 \log x$	log 1 = 0
(ii) $\log (x \times y) = \log x + \log y$	log 2 = 0.3010
(iii) $\log \left(\frac{x}{y}\right) = \log x - \log y$	log 3 = 0.4771
(iv) $\log x^y = y \log x$	log 4 = 0.6020
Ex. (i) $\log 6 = \log (2 \times 3)$	log 5 = 0.699
$= \log 2 + \log 3$	log 6 = 0.7781
$= 0.3010 + 0.4771 = 0.7781$	log 7 = 0.8451
(ii) $\log 30 = \log (3 \times 10)$	log 8 = 0.9030
$= \log 3 + \log 10$	log 9 = 0.9542
$= \log 0.4471 + 1 = 1.4471$	log 10 = 1
(iii) $\log 1000 = \log 10^3$	log 11 = 1.04
$= 3 \log 10 = 3 \times 1 = 3$	log 100 = 2
	log 1000 = 3

आयनिक साम्य में उपयोग में लाए जाने वाले कुछ पद:

एंटीलॉग: एंटीलॉग (x) = 10^x

Ex. एंटीलॉग (2) = $10^2 = 100$

एंटीलॉग (0.3010) = $10^{0.3010} = 2$

एंटीलॉग [log (2)] = एंटीलॉग (0.3010) = 2

- **pH-मापक्रम :** सारेन्सन ने दिया

pH मापक्रम सोरेन्सन मापक्रम कहलाता है।

pH स्केल वह मापक्रम स्केल है जो कि अम्ल और क्षार की सामर्थ्य ज्ञात करने में काम में लिया जाता है। इसका मान

$-\log[H^+]$ के बराबर है।

अर्थात $pH = -\log[H^+] = \log \frac{1}{[H^+]}$

Ex. $[H^+] = 10^{-3}$

$pH = -\log 10^{-3} = +3 \log 10 = 3$

निष्कर्ष :

यदि $pH = x$ तब $[H^+] = 10^{-x}$

या इसके विपरित

i.e. यदि $[H^+] = 10^{-x}$ तब $pH = x$

pOH → यह $-\log [OH^-]$ के बराबर है। यह क्षार की सामर्थ्य ज्ञात करने में काम लिया जाता है।

i.e. $pOH = -\log [OH^-] = \log \frac{1}{[OH^-]}$

- 25°C पर pH स्केल :



Ex. 1 यदि $X = \frac{a}{b}\times 10^{-c}$,तब pX ज्ञात कीजिये ?

Sol. $pX = -\log X = -\log\left(\frac{a}{b}\times 10^{-c}\right)$

$$pX = -\left[\log\frac{a}{b} + \log 10^{-c}\right] = -[\log a - \log b - c]$$

$$\boxed{pX = c + \log b - \log a}$$

- **सामर्थ्य के अनुसार, आयनिक यौगिक दो प्रकार के होते है–**

(1) प्रबल वैद्युत अपघट्य (Strong electrolytes):– वो आयनिक यौगिक जो जलीय विलयन में पूर्णतः आयनित हो जाते है प्रबल वैद्युत अपघट्य कहलाते है।

Ex. Na^+Cl^-, K^+Cl^-, इत्यादि।

प्रबल वैद्युत अपघट्य के लिए आयनन की मात्रा का मान 100% होता है। i.e. $\alpha = 1$

Ex. (a) प्रबल अम्ल → H_2SO_4, HCl, HNO_3, $HClO_4$, HBr, HI
(b) प्रबल क्षार → KOH, NaOH, $Ba(OH)_2$, CsOH, RbOH
(c) सभी लवण → NaCl, KCl, $CuSO_4$ ... etc.

(2) दुर्बल वैद्युत अपघट्य (Weak electrolytes):– वह वैद्युत अपघट्य जो जलीय विलयन में आंशिक आयनित होते है, दुर्बल वैद्युत अपघट्य कहलाते है। दुर्बल अपघट्यों के लिए α का मान 1 से बहुत कम i.e $\alpha <<<<1$ ($\alpha \cong 0.05$) होता है।

Ex. (a) दुर्बल अम्ल → HCN, CH_3COOH, HCOOH, H_2CO_3, H_3PO_3, H_3PO_2, $B(OH)_3$, etc.

↓
H_3BO_3
(बोरिक अम्ल)

(b) दुर्बल क्षार → NH_4OH, $Cu(OH)_2$, $Zn(OH)_2$, $Fe(OH)_3$, $Al(OH)_3$ ... etc.

(A) आरहेनियस का सिद्धांत (ARRHENIUS CONCEPT):-

(1) आरहेनियस के अनुसार प्रत्येक वैद्युत अपघट्य जलीय विलयन में दो तरह के आयनों में आयनित होता है, धनायन तथा ऋणायन।

(2) वैद्युत अपघट्य विलयन में (वैद्युत अपघट्य के जलीय विलयन), कुल धनावेश = कुल ऋणावेश। यदि विलयन उदासीन है।

⇒ प्रत्येक वैद्युत अपघट्य का जलीय विलयन वैद्युत रूप से उदासीन होता है जिसका कारण विलयन में उपस्थित धनावेश व ऋणावेश का परिमाण समान होता है (संख्या नहीं)

(3) वैद्युत अपघट्यों के विलयनों की प्रकृति उनके आयनों की प्रकृति होती है
Ex. : $CuSO_4$ का नीला रंग उसके Cu^{+2} आयनों के कारण होता है। (गहरा नीला रंग)

(4) वैद्युत अपघट्यों के विलयनों में वैद्युत धारा प्रवाहित कर देने पर आयन विपरित प्रकृति के इलेक्ट्रोडों की ओर गति करते है। तब धनायन कैथोड़ की ओर गति करता है तथा ऋणायन ऐनोड़ की ओर गति करता है।

(5) आयनीकरण एक साम्य अभिक्रिया है। यह साम्य अनआयनिक अणुओं तथा आयनिक अणुओं के मध्य स्थापित होता है।

$AB\,(Aq.) \rightleftharpoons A^+(Aq.) + B^-(Aq.)$

द्रव्य अनुपाती क्रिया नियम के अनुसार

आयनीकनरण का साम्य केवल दुर्बल वैद्युत अपघट्यों के लिये ही प्राप्त किया जा सकता है।

आयनन स्थिरांक, $K = \frac{[A^+][B^-]}{[AB]}$

अम्ल तथा क्षारो की ब्रोन्स्टेड तथा लॉरी अवधारणा

परिकल्पना:-

(1) अम्ल – प्रोट्रॉन (H^+) दाता

(2) क्षार – प्रोट्रॉन (H^+) ग्राही

e.g. $\underset{\text{अम्ल}}{HCl(aq)} + \underset{\text{क्षार}}{H_2O(\ell)} \rightleftharpoons H_3O^+(aq) + Cl^-(aq)$

$\underset{\text{अम्ल}}{HCl(aq)} + \underset{\text{क्षार}}{NH_3(aq)} \rightleftharpoons NH_4^+(aq) + Cl^-(aq)$

$\underset{\text{अम्ल}}{HCl(aq)} + \underset{\text{क्षार}}{CH_3COOH(aq)} \rightleftharpoons CH_3COOH_2^+(aq) + Cl^-(aq)$

नोट:- यहां CH_3COOH, की H^+ त्यागने की प्रवृत्ति HCl की तुलना में कम होती है अतः CH_3COOH एक दुर्बल क्षार की तरह कार्य करता है।

(B) ओस्टवाल्ड का तनुता नियम (OSTWALD'S DILUTION LAW):-

⇒ ओस्टवाल्ड ने सबसे पहले आयनिक साम्य में प्रथम द्रव्य अनुपाती नियम दिया था।

⇒ ओस्टवाल्ड का तनुता नियम केवल दुर्बल वैद्युत अपघट्यों पर लागू होता है।

कथन :

ओस्टवाल्ड के अनुसार, दुर्बल वैद्युत अपघट्य के विलयन को तनु करने पर उसके आयनन की मात्रा पहले से बढ़ जाती है इसे तनुता नियम कहते है।

माना	$AB(aq.) \rightleftharpoons$	$A^+(aq.) + B^-(aq.)s$	
प्रारम्भिक सान्द्रता	C	0	0
आयनन की मात्रा	(α)	$(C - C\alpha)$	$(C\alpha)$	$(C\alpha)$

द्रव्य अनुपाती नियम के अनुसार

आयनन स्थिरांक $K = \dfrac{[A^+][B^-]}{[AB]}$

$$K = \frac{C\alpha \times C\alpha}{C(1-\alpha)} = \frac{C\alpha^2}{(1-\alpha)}$$

यदि α <<<< 1 हो तो $1 - \alpha \simeq 1$

$K = C\alpha^2$ या $\alpha = \sqrt{\dfrac{K}{C}}$ (K = नियत, नियत ताप पर)

$\alpha \propto \dfrac{1}{\sqrt{C}}$ $\left(C \propto \dfrac{1}{V}\right)$

$\alpha \propto \sqrt{V}$

आयतन = तनुता, $\alpha \propto \sqrt{\text{तनुता}}$ तनुता नियम से

तनुता ↑ α ↑

अतः अनन्त तनुता पर, $\alpha = 100\%$

इस प्रकार दुर्बल वैद्युत अपघट्यों के लिए आयनीकरण की मात्रा तनुता के वर्गमूल के समानुपाती या सान्द्रता के वर्गमूल के व्युत्क्रमानुपाती होती हैं। यह नियम ओस्टवाल्ड तनुता नियम कहलाता है।

नोट: (1) अनन्त तनुता पर α का मान एक के बराबर होता है।

(2) सान्द्रता का मान नार्मलता के पदों में होना चाहिये।



- ओस्टवाल्ड तनुता नियम के अनुप्रयोग : $\boxed{K = C\alpha^2}$

(a)	एक क्षारकीय अम्ल के लिए (HA)	(b)	एक अम्लीय क्षार के लिए (BOH)
(i)	आयनन स्थिरांक (K_a) $HA \rightleftharpoons H^+ + A^-$ प्रारम्भिक सान्द्रता C 0 0 साम्य पर C – Cα Cα Cα आयनन की कोटि α है $K_a = \frac{[H^+][A^-]}{[HA]} = \frac{C\alpha \times C\alpha}{C - C\alpha}$ $K_a = \frac{C^2\alpha^2}{C(1-\alpha)} = \frac{C\alpha^2}{(1-\alpha)}$ $\because \quad \alpha <<<< 1 \quad \therefore (1-\alpha) \approx 1$ यहाँ $K_a \rightarrow$ दुर्बल अम्ल का आयनिक स्थिरांक	(i)	आयनन स्थिरांक (K_b) $BOH \rightleftharpoons B^+ + OH^-$ प्रारम्भिक सान्द्रता C 0 0 साम्य पर C – Cα Cα Cα आयनन की कोटि α है $K_b = \frac{[B^+][OH^-]}{[BOH]} = \frac{C\alpha \times C\alpha}{C - C\alpha}$ $K_b = \frac{C^2\alpha^2}{C(1-\alpha)} = \frac{C\alpha^2}{(1-\alpha)}$ $\because \quad \alpha <<<< 1 \quad \therefore (1-\alpha) \approx 1$ $\therefore \quad K_b = C\alpha^2$ $K_b \rightarrow$ दुर्बल क्षार का आयनिक स्थिरांक
(ii)	$[H^+]$ (H^+ आयन की सान्द्रता) $[H^+] = C\alpha$ .....(1) $K_a = C\alpha^2$ या $\alpha = \sqrt{\frac{K_a}{C}}$ .....(2) समीकरण (1) तथा (2) से $[H^+] = C \times \frac{\sqrt{K_a}}{\sqrt{C}}$ $[H^+] = \sqrt{K_a \times C}$		$[OH^-]$ (OH^- आयन की सान्द्रता) $[OH^-] = C\alpha$ .....(1) $K_b = C\alpha^2$ या $\alpha = \sqrt{\frac{K_b}{C}}$ .....(2) समी. (1) तथा (2) से $[OH^-] = C \times \frac{\sqrt{K_b}}{\sqrt{C}}$ $[OH^-] = \sqrt{K_b \times C}$
(iii)	$pH = -\log [H^+]$ $[H^+]$ का मान रखने पर $pH = -\log(\sqrt{K_a \times C}) = -\log(K_a \times C)^{1/2}$ $pH = -\frac{1}{2}[\log K_a + \log C]$ $pH = -\frac{1}{2}\log K_a - \frac{1}{2}\log C$ $pH = \frac{1}{2}pK_a - \frac{1}{2}\log C$ **सारांश में :** 1. $K_a = C\alpha^2$ 2. $[H^+] = C\alpha = \sqrt{K_a \times C}$ 3. $pH = -\log [H^+]$ या $pH = \frac{1}{2}pK_a - \frac{1}{2}\log C$		$pOH = -\log [OH^-]$ $[OH^-]$ का मान रखने पर $pOH = -\log(\sqrt{K_b \times C}) = -\log (K_b \times C)^{1/2}$ $pOH = -\frac{1}{2}[\log K_b + \log C]$ $pOH = -\frac{1}{2}\log K_b - \frac{1}{2}\log C$ $pOH = \frac{1}{2}pK_b - \frac{1}{2}\log C$ **सारांश में :** 1. $K_b = C\alpha^2$ 2. $[OH^-] = C\alpha = \sqrt{K_b \times C}$ 3. $pOH = -\log [OH^-]$ या $pOH = \frac{1}{2}pK_b - \frac{1}{2}\log C$

NEET Sarthi

ओस्टवाल्ड तनुता नियम की सीमाए (Limitation of Ostwald Dilution Law):-

(1) यह प्रबल वैद्युत अपघट्यों के लिए उपयुक्त नहीं है।

(2) यह सन्तृप्त विलयनों के लिए उपयुक्त नहीं है।

आयनन की मात्रा को प्रभावित करने वाले कारक (Factors affecting the Value of Degree of ionisation):-

(1) ताप $\rightarrow$ ताप बढ़ाने पर आयनन की मात्रा $(\propto)$ बढ़ती है।

(2) तनुता $\rightarrow \alpha \propto \sqrt{V}$ इसलिये तनुता पर आयनन (α) की मात्रा बढ़ती है।

(3) वैद्युत अपघट्य की प्रकृति

(i) प्रबल वैद्युत अपघट्य के लिए $\alpha = 100\%$

(ii) दुर्बल वैद्युत अपघट्य के लिए $\alpha < 100\%$

(4) विलायक की प्रकृति

यदि विलायक का परावैद्युत स्थिरांक μ बढ़ता है तब α का मान बढ़ेगा।

$H_2O \rightarrow \mu = 81$

$D_2O \rightarrow \mu = 79$

$C_6H_6 \rightarrow \mu = 2.5$

$CCl_4 \rightarrow \mu = 0$

जल की व्याख्या (BIODATA OF WATER) :

a. जल उदासीन होता है।

25°C ताप पर pH = 7 तथा pOH = 7

$\therefore$ pH = pOH

b. 1 लीटर जल में H^+ तथा OH^- आयन की सान्द्रता

$[H^+] = 10^{-7}$ mol L^{-1} तथा $[OH^-] = 10^{-7}$ mol L^{-1}

c. 1 लीटर जल में H^+ तथा OH^- आयन की संख्या

H^+ आयन की संख्या $= 10^{-7} N_A$ तथा OH^- आयन की संख्या $= 10^{-7} N_A$

d. 1 लीटर जल में H_2O अणुओं के मोल 1000/18 = 55.5 moles

e. 1 लीटर जल में H_2O अणुओं की संख्या $= 55.5\ N_A$ (N_A= आवोगाद्रो संख्या)

f. जल में H_2O अणुओं की मोलर सान्द्रता = 55.5 mol L^{-1}

g. जल में (H_2O अणुओं की संख्या : H^+ आयनों की संख्या)

$= 55.5\ N_A : 10^{-7} N_A$

$= 55.5 \times 10^7 : 1$

अर्थात् 55.5×10^7 अणुओं में से एक H^+ आयन प्राप्त होता है।

अतः जल के आयनन की मात्रा

$$\alpha = \frac{x}{a} = \frac{1}{55.5 \times 10^{+7}} = 18 \times 10^{-10} = 1.8 \times 10^{-9}$$

$$\boxed{\alpha\% = 1.8 \times 10^{-7}\%}$$

अत : जल एक अति दुर्बल वैद्युत अपघट्य है।

K (जल का आयनन स्थिरांक)

$$H_2O \rightleftharpoons H^+ + OH^-$$

$$K = \frac{[H^+][OH^-]}{[H_2O]}$$

$$K = \frac{10^{-7} \times 10^{-7}}{55.5} \text{ या } \boxed{K = 1.8 \times 10^{-16}}$$

h. जल का आयनिक गुणनफल (K_w)

$K \times [H_2O] = [H^+]\,[OH^-]$

$\boxed{K_w = [H^+]\,[OH^-]}$

25°C ताप पर $K_W = 10^{-7} \times 10^{-7} = 10^{-14}$

$K\,[H_2O] = K_W \Rightarrow \boxed{K_w > K}$ (हमेशा)

$K_W = [H^+]\,[OH^-]$

दोनों तरफ –log लेने पर

$-\log K_W = -\log [H^+] - \log [OH^-]$

$\boxed{pK_w = pH + pOH}$

जल उदासीन होता है। इसलिये

$[pH = pOH]$

$pK_W = pH + pH \qquad pK_W = pOH + pOH$

$2pH = pK_W \qquad 2\,pOH = pK_W$

$pH = \frac{pK_w}{2} \qquad pOH = \frac{pK_w}{2}$

$\boxed{pH = pOH = \frac{pK_w}{2}}$

25°C ताप पर, $K_W = 10^{-14}$ या $pK_W = 14$

$pH + pOH = 14$ या $pH = pOH = 7$

i. मुख्य बिन्दु :-

$pH = pOH = \frac{pK_w}{2}$

At 25°C, $pK_W = pH + pOH = 14$

j. ताप का प्रभाव :-

$H_2O \rightleftharpoons H^+ + OH^-$

तापमान बढ़ाने पर अग्र अभिक्रिया की दर बढती है। जैंसे $[H^+]$ तथा $[OH^-]$ का मान बढाने पर K_W का मान भी बढता हैं। जिसके कारण pH तथा pOH का मान घटता है।

$T \uparrow = \alpha \uparrow = [H^+]\,[OH^-] \uparrow = K_W \uparrow \Rightarrow pK_W \downarrow$

25° C पर, $K_W = 10^{-14}$

90° C पर, $K_W = (100 \times 10^{-14}) = 10^{-12}$

पैमाना	25°C पर	90°C पर
K_W	10^{-14}	10^{-12}
pK_w	14	12
$pH = \frac{pK_w}{2} = pOH$	7	6
$[H^+] = [OH^-]$	10^{-7}	10^{-6}
pH + pOH	14	12

NEET Sarthi

मुख्य बिन्दु : ताप बढ़ाने पर $[H^+]$ तथा $[OH^-]$ दोनो की सान्द्रतायें समान बढ़ती है इसीलिए जल उदासीन बना रहता है और इसलिए उदासीन जल की pH 90°C पर 7 से 6 रह जाती है। जिसे हम लगभग उदासीन मान सकते है।

आयन मिलाने पर (Mixing of ions) :

(a) समआयन प्रभाव	(b) विषम आयन
किसी दुर्बल वैद्युत अपघट्य में समआयन वाला प्रबल वैद्युत अपघट्य मिलाने पर दुर्बल के आयनन की मात्रा पहले से कम हो जाती है, इसे समआयन कहते है।	किसी दुर्बल वैद्युत अपघट्य में विषम आयन वाला प्रबल वैद्युत अपघट्य मिलाने पर दुर्बल के आयनन की मात्रा पहले से बढ़ जाती है। इसे विषम आयन प्रभाव कहते है।

समआयन :

CH_3COOH में CH_3COONa मिलाने पर

प्रारम्भ में $CH_3COOH \rightleftharpoons CH_3COO^- + H^+$

मिलाने पर $CH_3COONa \rightleftharpoons CH_3COO^- + Na^+$

$CH_3COOH \rightleftharpoons CH_3COO^- + H^+$

CH_3COONa विलयन में मिलाने पर CH_3COOH के द्वारा प्राप्त CH_3COO^- आयनों में कमी आ जाती है, इसे ही समआयन प्रभाव से दर्शाते है।

विषमआयन :

CH_3COOH में NaOH मिलाने पर

प्रारंभ में $CH_3COOH \rightleftharpoons CH_3COO^- + H^+$

NaOH मिलाने पर $NaOH \rightleftharpoons Na^+ + \boxed{OH^-} \rightarrow H_2O$

$CH_3COOH \rightleftharpoons CH_3COO^- + \boxed{H^+}$

विलयन में NaOH मिलाने पर H^+ और OH^- अभिक्रिया करके H_2O बना देते है जिसमें CH_3COOH और विघटित होता है और विलयन में CH_3COO^- आयन की सान्द्रता बढ़ती है।

विभिन्न प्रकार के विलयन की pH गणना

(a) प्रबल अम्ल विलयन (Strong acid Solution):

(i) यदि सान्द्रता 10^{-6} M से अधिक हो तो, इस परिस्थिति में जल से निकले हुए H^+ आयन को नगण्य माना जा सकता है,

इसलिए $[H^+]$ = प्रबल अम्ल विलयन की नॉर्मलता

(ii) यदि सान्द्रता 10^{-6} M से कम हो तो, इस परिस्थिति में जल से निकले H^+ आयन सान्द्रता को नगण्य नहीं माना जा सकता हैं। इसलिए $[H^+]$ = प्रबल अम्ल की नॉर्मलता + इस प्रबल अम्ल की उपस्थिति में जल से निकले H^+ आयन

Ex.2 10^{-8} M, HCl विलयन के pH की गणना करो।

Sol. $H_2O \rightleftharpoons H^+ + OH^-$

$10^{-8} + x$ x

$k_w = [H^+][OH^-]$

$10^{-14} = x(x \times 10^{-8})$

$\Rightarrow \quad x^2 + x \times 10^{-8} - 10^{-14} = 0$

$$x = \frac{-10^{-8} \pm \sqrt{10^{-16} + 4 \ x \ 10^{-14}}}{2} = \frac{-10^{-8} + 10^{-7}\sqrt{4 + \frac{1}{100}}}{2} = \frac{(\sqrt{401} - 1)10^{-8}}{2} = 0.95 \ x \ 10^{-7}$$

$[pH] = 10.5 \ x \ 10^{-8} = 1.05 \ x \ 10^{-7}$

$[pH] = 7 - \log 1.05 \approx 6.98$

10^{-9} M HCl pH ≈ 7

10^{-16} M HCl pH ≈ 7

NEET Sarthi

(b) प्रबल क्षार विलयन (Strong base Solution):

सर्वप्रथम $[OH^-]$ कि गणना करते है जो कि प्रबल क्षार विलयन कि मोलरता के बराबर होती है तथा फिर $[H^+]$ कि गणना करने के लिए $K_\infty = [H^+] \times [OH^-] = 10^{-14}$ को प्रयुक्त करते है।

Ex.3 10^{-7} M के NaOH विलयन की PH की गणना करो।

Sol. NaOH से प्राप्त $[OH^-]$ बनता है $= 10^{-7}$

जल से प्राप्त $[OH^-] = x < 10^{-7}$ M (सामान आयन प्रभाव (समआयन प्रभाव) के कारण)

$H_2O \rightleftharpoons OH^- + H^+$

– $(x + 10^{-7})$ x

$K_w = [H^+][OH^-] = 10^{-14} = x(x + 10^{-7})$

$x^2 + 10^{-7}x - 10^{-14} = 0$

$\Rightarrow \quad x = \frac{\sqrt{5}-1}{2} \times 10^{-7} = 0.618 \times 10^{-7}$ $(\sqrt{5} = 2.236)$

$[OH^-] = 10^{-7} + 0.618 \times 10^{-7} = 1.618 \times 10^{-7}$

$pOH = 7 - \log(1.618) = 6.79 \quad \Rightarrow \quad pH = 14 - 6.79 = 7.21$

(c) दो प्रबल अम्ल के मिश्रण का pH :

यदि नार्मलता N_1 के एक प्रबल अम्ल विलयन के आयतन V_1 को तथा नार्मलता N_2 के दूसरे प्रबल विलयन के आयतन V_2 को आपस में मिश्रित किया जाता हैं, तो

I-विलयन से H^+ आयन के मोलो की संख्या $= N_1V_1$

II-विलयन से H^+ आयन के मोलो की संख्या $= N_2V_2$

यदि अन्तिम नार्मलता N हैं तथा अन्तिम आयतन V हैं तो

$NV = N_1V_1 + N_2V_2$

[इन अम्लों में से किसी का भी वियोजन साम्य नियतांक परिवर्तित नहीं होगा, क्योंकि दोनो अम्ल प्रबल अम्ल होते है।]

$$[H^+] = N = \frac{N_1V_1 + N_2V_2}{V_1 + V_2}$$

(d) दो प्रबल क्षार के मिश्रण का pOH :

यदि नार्मलता N_1 के एक प्रबल अम्ल विलयन के आयतन V_1 को तथा नार्मलता N_2 के दूसरे प्रबल विलयन के आयतन V_2 को आपस में मिश्रित किया जाता हैं, तो

I-विलयन से OH^- आयन के मोलो की संख्या $= N_1V_1$

II-विलयन से OH^- आयन के मोलो की संख्या $= N_2V_2$

यदि अन्तिम नार्मलता N हैं तथा अन्तिम आयतन V हैं तो

$NV = N_1V_1 + N_2V_2$

[इन अम्लों में से किसी का भी वियोजन साम्य नियतांक परिवर्तित नहीं होगा, क्योंकि दोनो अम्ल प्रबल अम्ल होते है।]

$$[OH^-] = N = \frac{N_1V_1 + N_2V_2}{V_1 + V_2} \qquad [H^+] = \frac{10^{-14}}{[OH]}$$

Ex.4 (400ml, $\frac{1}{200}$ M H_2SO_4) + (400ml, $\frac{1}{100}$ M HCl) +(200 ml जल) के मिश्रण के PH की गणना करो।

Sol. $N_1V_1 = \frac{1}{100} \times \frac{400}{1000} = \frac{4}{1000}$, $N_2V_2 = \frac{4}{1000}$, जल से प्राप्त H^+ आयन नगण्य होगें।

$N_1V_1 + N_2V_2 = 8 \times 10^{-3} \qquad [H^+] = \frac{8 \times 10^{-3}}{1} = 8 \times 10^{-3}$

$pH = 3 - \log 8 = 2.1$

(e) एक प्रबल अम्ल तथा एक प्रबल क्षार के मिश्रण का pH :

- यहाँ अम्ल, क्षार उदासीनीकरण अभिक्रिया होती है। यह इस प्रर निर्भर करता है कि कौनसा अवयव आधिक्य में लिया गया है।
- यदि नार्मलता N_1 के एक प्रबल अम्ल विलयन के आयतन V_1 को नार्मलता N_2 के एक प्रबल क्षार विलयन के V_2 आयतन के साथ मिश्रित किया जाता हैं, तो

I-विलयन से H^+ आयन की संख्या = N_1V_1 ;

II-विलयन से OH^- आयन की संख्या = N_2V_2

यदि $N_1V_1 > N_2V_2$

$$[H^+] = N = \frac{N_1V_1 - N_2V_2}{V_1 + V_2}$$

विलयन कि प्रकृति अम्लीय होगी

यदि $N_2V_2 > N_1V_1$

$$[OH^-] = N = \frac{N_1V_1 - N_2V_2}{V_1 + V_2}$$

विलयन कि प्रकृति क्षारीय होगी

$$[H+] = \frac{10^{-14}}{[OH^-]}$$

Ex.5 (400ml, $\frac{1}{200}$ M $Ba(OH)_2$) + (400ml, $\frac{1}{50}$ M HCl) + (200ml जल) के मिश्रण में pH की गणना करो।

Sol. $[H^+] = \frac{400\times\frac{1}{50} - 400\times\frac{1}{200}\times 2}{1000} = 4\times10^{-3}$, अतः $pH = 3 - 2\log 2 = 2.4$

दुर्बल अम्ल, दुर्बल क्षार तथा बहुप्रोटीक अम्ल उनकी pH

(f) दुर्बल एकक्षारकीय अम्ल विलयन का pH :

- दुर्बल अम्ल 100% वियोजित नहीं होता अतः हमें अम्ल के वियोजन स्थिरांक K_a का उपयोग कर वियोजन के प्रतिशत की गणना करनी चाहिए।
- इसके लिए ऑस्टवाल्ड के तनुता नियम को काम में लेते है – (जैसा कि पहले व्युत्न्न किया जा चुका है।)

	$HA \rightleftharpoons$	H^+	+	A^{-1}
$t = 0$	C	0		0
$t = t_{साम्य}$	$C(1-\alpha)$	$C\alpha$		$C\alpha$

$$K_a = \frac{[H^+]\,[OH^-]}{[HA]} = \frac{C\ \alpha^2}{1-\alpha}$$

यदि $\alpha << 1 \Rightarrow (1-\alpha) \approx 1 \Rightarrow K_a \approx C\alpha^2 \quad \Rightarrow \quad \alpha = \sqrt{\frac{K_a}{C}}$ (मान्य है, यदि $\alpha < 0.1$ अथवा 10%)

$[H^+] = C\alpha = C\sqrt{\frac{K_a}{C}} = \sqrt{K_a \times C}$ अतः $pH = \frac{1}{2}(pK_a - \log C)$

तनुता बढ़ाने पर $\Rightarrow C\downarrow \Rightarrow \alpha \uparrow$ तथा $[H^+]\downarrow \Rightarrow pH\uparrow$

Ex.6 pH की गणना करो 10^{-1} M CH_3COOH

दिया गया है : $K_a = 2\times10^{-5}$

Sol. $CH_3COOH \rightleftharpoons CH_3COO^- + H^+$

C 0 0

$C(1-\alpha)$ $C\alpha$ $C\alpha$

$$K_a = \frac{C\alpha^2}{1-\alpha} \quad \Rightarrow \quad \alpha = \sqrt{\frac{K_a}{C}} = \sqrt{\frac{2\times10^{-5}}{10^{-1}}} = \sqrt{2\times10^{-4}} \qquad (\alpha << 0.1)$$

अतः, $[H^+] = 10^{-1}\times\sqrt{2}\times10^{-2} \Rightarrow pH = 3 - \frac{1}{2}\log 2 =$ **2.85 Ans.**

- बहुत कम सान्द्रता पर **(**अनन्त तनुता पर**)** दुर्बल वैद्युत अपघट्य **100%** वियोजित हो जाते हैं इसलिये प्रबल वैद्युत अपघट्य की तरह व्यवहार करते हैं।

10^{-6} M HCl की pH $\simeq$ 10^{-6} M CH_3COOH की pH = 6

(g) दुर्बल एकक्षारकीय अम्ल तथा प्रबल अम्ल के विलयन के मिश्रण को pH :

- विलयन में दुर्बल अम्ल तथा प्रबल अम्ल दोनों H^+ आयन देते है।
- प्रथम सन्निकटन के लिए दुर्बल अम्ल विलयन से निकले H^+ आयन को नगण्य मान सकते हैं तथा केवल प्रबल अम्ल की सान्द्रता से विलयन के pH को परिकलित कर सकते हैं।

यथार्थ गणना के लिए हम दुर्बल अम्ल के वियोजन साम्य पर प्रबल अम्ल की उपस्थिति का प्रभाव मानते है –

यदि [प्रबल अम्ल(SA)] = C_1 तथा [दुर्बल अम्ल (WA)] =C_2, तो प्रबल अम्ल से $[H^+] = C_1$ तथा दुर्बल अम्ल से $[H^+] = C_2$

माना HA एक दुर्बल अम्ल है, जो निम्न प्रकार वियोजित होता है –

$$\begin{array}{ccccc} HA & \rightleftharpoons & H^+ & + & A^- \\ C_2 & & 0 & & 0 \end{array}$$

$$C_2(1-\alpha) \qquad C_2\alpha + C_1 \qquad C_2\alpha \qquad\qquad K_a = \frac{(C_2\alpha + C_1)C_2\alpha}{C_2(1-\alpha)} \quad (\alpha <<< 1)$$

(दुर्बल अम्ल का वियोजन आगे अवरूद्ध हो जाता है, इसका कारण प्रबल अम्ल की उपस्थिति हैं); (समआयन प्रभाव के कारण)

$K_a = (C_2\alpha + C_1)\alpha$

H^+ कि कुल सान्द्रता = $C_1 + C_2\alpha$

- अन्त में, यदि अम्ल से कुल $[H^+]$ 10^{-6} M से अधिक हैं, तो जल के योगदान को नगण्य माना जा सकता है, यदि नहीं तो हमें जल से आने वाले भी $[H^+]$ लेना पड़ेगा।

(h) द्विक्षारकीय दुर्बल अम्ल के एक विलयन को pH :

- जल में एक दुर्बल द्विक्षारकीय अम्ल (H_2A) लेते हैं जिसकी सान्द्रता cM है। द्विक्षारकीय अम्ल एक वह है जो जल में दो प्रोटोन देने की क्षमता रखता हैं। द्विक्षारकीय अम्ल के एक जलीय विलयन में, निम्न साम्य प्राप्त होता है–

यदि

α_1 = HA^- की उपस्थिति में H_2A के आयनन की कोटि

α_2 = H_2A में उपस्थित HA^- के आयनन की कोटि

K_{a_1} = H_2A की प्रथम आयतन नियतांक

K_{a_2} = H_2A का द्वितीय आयनन नियतांक

I पद

$$\begin{array}{ccccc} H_2A + H_2O & \rightleftharpoons & HA^- & + & H_3O^+ \\ \text{साम्य. पर } c(1-\alpha_1) & & c\alpha_1(1-\alpha_2) & & (c\alpha_1 + c\alpha_1\alpha_2) \end{array}$$

$$(K_{eq})_1 (H_2O) = \frac{[H_3O^+][HA^-]}{[H_2A]} = K_{a_1}$$

$$\therefore \quad K_{a_1} = \frac{(c\alpha_1 + c\alpha_1\alpha_2)[c\alpha_1(1-\alpha_2)]}{c(1-\alpha_1)}$$

$$= \frac{[c\alpha_1(1+\alpha_2)][\alpha_1(1-\alpha_2)]}{1-\alpha_1} \quad \text{.....(i)}$$

II पद

$$\begin{array}{ccccc} HA^- & + & H_2O & \rightleftharpoons & A^{2-} & + & H_3O^+ \\ \text{साम्य. पर } c\alpha_1(1-\alpha_2) & & & & c\alpha_1\alpha_2 & & (c\alpha_1 + c\alpha_1\alpha_2) \end{array}$$

$$[K_{eq}]_2 [H_2O] = \frac{[H_3O^+][A^{2-}]}{[HA^-]} = K_{a_2}$$

$$K_{a_2} = \frac{(c\alpha_1 + c\alpha_1\alpha_2)(c\alpha_1 c\alpha_2)}{c\alpha_1\ (1-\alpha_2)}$$

$$= \frac{[c\alpha_1(1+\alpha_2)]\ \alpha_2}{1-\alpha_2} \quad \text{.....(ii)}$$

K_{a_1}, K_{a_2} व c के मान जानने के बाद समी. (i) और (ii) का उपयोग कर α_1 और α_2 की गणना की जा सकती है

α_1 और α_2 $[H_3O^+]$ की गणना निम्न तरह की जा सकती है।

$$[H_3O^+]_T = c\alpha_1 + c\alpha_1\alpha_2$$

अन्तिम, pH की गणना के लिये

- यदि कुल $[H_3O^+] < 10^{-6}$ M, जल के कारण H_3O^+ के योगदान को जोड़ना चाहिये
- $[H_3O^+] > 10^{-6}$ M, तब जल के कारण $[H_3O^+]$, का योगदान को नही जोडना चाहिये। .

$[H_3O^+]$ का उपयोग कर विलयन के pH की गणना की जा सकती है।

सन्निकटन :

द्विक्षारकीय अम्ल के लिए $K_{a_2} << K_{a_1}$ तथा α_2, α_1 से बहुत छोटा होगा

$$\therefore \quad 1-\alpha_2 \approx 1 \text{ तथा } 1+\alpha_2 \approx 1$$

अतः समीकरण (i) को निम्न तरीके में से संक्षिप्त किया जा सकता है

$$K_{a_1} = \frac{C\alpha_1 \times \alpha_1}{1-\alpha_1}$$

- यह व्यंजक दुर्बल एकक्षारकीय अम्ल के व्यंजक के समान है। अतः यहाँ तक कि द्विक्षारकीय अम्ल के लिए (अथवा बहुक्षारकीय अम्ल के लिए)। $[H_3O^+]$ प्रथम साम्य नियतांक व्यंजक से परिकलित किया जाता है, तथा $K_{a_2} << K_{a_1}$ प्रदान करता है।

Ex.7 $[HS^-]$, S^{2-}, $\{Cl^-]$ एक विलयन में जिसमें 0.1 M HCl और 0.1 M H_2S है के pH की गणना करो दिया गया है $Ka_1 (H_2S) = 10^{-7}$ $Ka_2 (H_2S) = 10^{-14}$, α_1 और α_2 की भी गणना करो।

Sol. $HCl + H_2S$

$0.1 \quad C = 0.1$

$\therefore$ pH = 1 (अधिकतर $[H^+]$ HCl से आते हैं)

$H_2S \rightleftharpoons H^+ + SH^-$

$C_1 + 0.1 \quad C_1 - C_1\alpha_1 \quad C_1\alpha_1, C_1\alpha_1$

$$Ka_1 = \frac{C_1\alpha_1 \times 10^{-1}}{C_1(1-\alpha_1)}$$

$$\alpha_1 = \frac{10^{-7}}{10^{-1}} = 10^{-6}$$

$HS^- \rightleftharpoons S^{2-} + H^+$

$C_1\alpha_1(1-\alpha_2) \quad C_1\alpha_1\alpha_2 \quad 0.1$

$10^{-14} = 0.1 \times \alpha_2$

$\Rightarrow \quad \alpha_2 = 10^{-13}$

$[S_2^{2-}] = C\alpha_1\alpha_2 = 10^{-1} \times 10^{-6} \times 10^{-13} = 10^{-20}$ M

Ex.8 pH 10^{-1} M HCl का pH परिकलित किजीए यदि 10^{-3} M CH_3OOH [$k_a = 2 \times 10^{-5}$] सान्द्रता हो

Sol. $CH_3COOH \rightleftharpoons CH_3COO^- + H^+$

$(1-\alpha) \quad C\alpha\ 10^{-1} \quad C\alpha$

$HCl \rightleftharpoons H^+ + Cl^-$

$10^{-1} \quad 10^{-1} \quad 10^{-1}$

CH_3COOH के निम्न सान्द्रता तथा कम वियोजन के कारण HCl से H^+ आयन को पूर्ण रूप से लिया जाता है।

$$2 \times 10^{-5} = \frac{C\alpha \times 10^{-1}}{C}$$

$\alpha = 2 \times 10^{-4}$

$[H^+]\ CH_3COOH = C\alpha = 2 \times 10^{-7}$

Ex.9 वियोजन पर भारी जल का स्थिरांक होता है 4×10^{-15} 35°C पर इसका घनत्व 1.04gm है, इसके आयनिक उत्पाद और पृथक्करण की डिग्री की गणना करें।

Sol. $kw = kd[D_20] = \left(4\times10^{-15} \times \frac{1040}{20}\right)$ $d = \sqrt{\frac{kw}{c}} = \sqrt{\frac{2.08\times10^{-13}}{5^2}} = 12.64\times10^{-8}$

Ex.10 50°C पर H_2O के आयनिक गुणनफल की गणना कीजिए

Sol. $\Delta H = 13.7 \times 10^3$ cal

$$\log = \frac{k_2}{10^{-14}} = \frac{13.7\times10^3}{2}\left(\frac{1}{290} - \frac{1}{323}\right)$$

Ex.11 हाइड्रोनियम आयन सांद्र एक aq. में H_2Co_3 विलयन 25°C OH^- आयन पर 4×10^{-4}m होता है।

(1) 0 (2) 2.5×10^{-10} (3) 2.5×10^{-3} (4) 2.5×10^{-11} m

Sol. **(4)**

Ex.12 निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन करें?

(A) तापमान में वृद्धि के साथ pk_w वृद्धि (B) pk_w तापमान में वृद्धि के साथ गिरावट

(C) $pk_w = 14$ सभी तापमानों पर (D) pk_w = pH सभी तापमान पर

Sol. **(2)**

PRACTICE SECTION-01

Q.1 CH_3COOH का आयनन स्थिरांक 1.7×10^{-5} है और H^+ आयन की सांद्रता 3.4×10^{-4} है तो CH_3COOH अणु की प्रारंभिक सांद्रता है

(1) 3.4×10^{-4} (2) 3.4×10^{-3} (3) 6.8×10^{-3} (4) 1.7×10^{-3}

Q.2 25°C पर, एक क्षार BOH का वियोजन स्थिरांक 1.0×10^{-12} होता है क्षार के 0.01 M जलीय विलयन में हाइड्रॉक्सिल आयनों की सांद्रता होगी:

(1) 1.0×10^{-6} mol L^{-1} (2) 1.0×10^{-7} mol L^{-1} (3) 2.0×10^{-6} mol L^{-1} (4) 1.0×10^{-5} mol L^{-1}

Q.3 निम्न में से किस सांद्रता में एक दुर्बल अम्ल के लिए वियोजन की सबसे बड़ी कोटि होगी:-

(1) 1.0 M (2) 0.5 M (3) 0.10 M (4) 0.01 M

Q.4 एक लीटर विलयन में एसिटिक अम्ल की मात्रा की गणना करें $\alpha = 1\%$ और $K_1 = 1.8 \times 10^{-5}$.

(1) 0.18 gm (2) 10.8 gm (3) 108 gm (4) 18 gm

Q.5 $2H_2O \rightleftharpoons H_3O^+ + OH^-$ के लिये 25°C पर K_w का मान 10^{-14} से 90°C पर परिवर्तित होकर 9.62×10^{-14} हो जाता हैं। इसके लिये सही कथन चुनें:-

(1) H_2O की pH 90°C पर 6.51 होता है और पानी अम्लीय हो जाता है

(2) H_2O की pH 90°C पर 6.51 होता है और पानी उदासीन रहता है

(3) pH और पानी की उदासीनता दोनों अपरिवर्तित रहती है

(4) H_2O की pH 90°C पर 6.1 होता है और पानी उदासीन रहता है

Q.6 एसिटिक अम्ल, हाइपोक्लोरस अम्ल और फॉर्मिक अम्ल के K_a मान 1.74×10^{-5}, 3.0×10^{-8} and 1.8×10^{-4} क्रमश है, 0.1 mol dm^{-3} विलयन के लिए pH का कौनसा क्रम सही है:-

(1) एसिटिक अम्ल > हाइपोक्लोरस अम्ल > फॉर्मिक अम्ल

(2) हाइपोक्लोरस अम्ल > एसिटिक अम्ल > फॉर्मिक अम्ल

(3) फॉर्मिक अम्ल > हाइपोक्लोरस अम्ल > एसिटिक अम्ल

(4) फॉर्मिक अम्ल > एसिटिक अम्ल > हाइपोक्लोरस अम्ल

Q.7 10.0 g एसिटिक अम्ल में कितना पानी मिलाया जाना चाहिए ताकि हाइड्रोजन–आयन की सांद्रता 1.0×10^{-3} M के बराबर हो जाए (दिया गया $pK_a = 4.74$)?

(1) 4 L (2) 6 L (3) 5 L (4) 3 L

ANSWER KEY							
Que.	**1**	**2**	**3**	**4**	**5**	**6**	**7**
Ans.	3	2	4	2	2	2	4

NEET Sarthi

लवण, लवण के प्रकार और संयुग्म सिद्धांत (SALTS, TYPES OF SALT AND CONJUGATE THEORY) :

(A) लवण:

लवण को धनात्मक और ऋणात्मक आयनों से बने यौगिक के रूप में माना जाता है। धनात्मक भाग क्षार से आता है जबकि ऋणात्मक भाग अम्ल से। लवण आयनिक यौगिक हैं।

i.e. अम्ल और क्षार के संयोग से बनने वाले यौगिक को लवण कहते हैं।

अम्ल + क्षार $\rightarrow$ लवण + पानी

$HCl + NaOH \rightarrow NaCl$ (लवण) $+ H_2O$ $\Delta H = -ve$ अर्थात् उष्माक्षेपी अभिक्रिया

(B) लवण के प्रकार

(a) सामान्य / लवण:–सभी संभावित प्रोटॉन (H^+ आयन) के नुकसान से बनने वाले लवण (प्रतिस्थापन योग्य हाइड्रोजन आयन H^+ के रूप में) सामान्य लवण कहलाते हैं। इस तरह के लवण में एक भी हाइड्रोजन आयन या एक हाइड्रॉक्सिल (OH^-) को किसी भी और समूह से बदला नहीं जा सकता है।

Ex.: $NaCl, NaNO_3, K_2SO_4, Ca_3(PO_4)_2, Na_2HPO_3, NaH_2PO_2$ आदि।

सामान्य लवण के प्रकार:

(i) प्रबल अम्ल प्रबल क्षार **(ii)** प्रबल अम्ल दुर्बल क्षार

(iii) दुर्बल अम्ल प्रबल क्षार **(iv)** दुर्बल अम्ल दुर्बल क्षार

(b) अम्लीय लवण :– बहुक्षारकीय अम्ल के अधूरे उदासीनीकरण से बनने वाले लवण को अम्लीय लवण कहा जाता है। ऐसे लवणों में अभी भी एक या अधिक प्रतिस्थापनीय हाइड्रोजन आयन (H^+) होते हैं।

Ex.: $NaHCO_3, NaHSO_4, NaH_2PO_4, Na_2HPO_4$ आदि।

(c) क्षारीय लवण :– बहुअम्लीय क्षार के अधूरे उदासीनीकरण से बनने वाले लवण को क्षारीय लवण कहते हैं। ऐसे लवणों में अभी भी एक या अधिक प्रतिस्थापनीय हाइड्रॉक्सिल आयन समूह होते हैं।

Ex.: $Zn(OH)Cl, Mg(OH)Cl, Fe(OH)_2Cl, Bi(OH)_2Cl$ आदि।

(d) द्वि–लवण:– दो साधारण लवणों के संयोग से बनने वाले योगिक यौगिकों को द्वि–लवण कहते हैं। ऐसे लवण ठोस अवस्था में ही स्थिर होते हैं।

Ex.: $FeSO_4.(NH_4)_2SO_4.6H_2O$, (फेरस अमोनियम सल्फेट) $K_2SO_4 . Al_2(SO_4)_3 . 24H_2O$ आदि (पोटाश फिटकरी)

(e) जटिल लवण:– ये साधारण लवण या आणविक यौगिकों के संयोजन से बनते हैं या लवण के अणुओं में जटिल आयन मौजूद होते हैं। ये ठोस अवस्था के साथ–साथ विलयन में भी स्थिर होते हैं।

$$\underbrace{FeSO_4 + 6KCN}_{\text{Simple salt}} \longrightarrow \underset{\text{Complex salt}}{K_4[Fe(CN)_6]} + K_2SO_4$$

$$K_4[Fe(CN)_6] \longrightarrow 4K^+ + [Fe(CN)_6]^{-4}$$

$$\underset{\text{Simple salt}}{CoSO_4} + \underset{\text{Molecular compound}}{6NH_3} \longrightarrow \underset{\text{Complex salt}}{[Co(NH_3)_6]SO_4}$$

$$[Co(NH_3)_6]SO_4 \longrightarrow [Co(NH_3)_6]^{+2} + SO_4^{-2}$$

(f) मिश्रित लवण:– वे लवण जो जल में घुलने पर एक से अधिक धनायन या एक से अधिक ऋणायन देते हैं, मिश्रित लवण कहलाते हैं।

Ex.: (i) $\underset{\text{acid}}{H_2SO_4} + \underset{\text{base}}{NaOH} \longrightarrow \underset{\text{acidic salt}}{NaHSO_4} + H_2O$

$$\underset{\text{acidic salt}}{NaHSO_4} + \underset{\text{base}}{KOH} \longrightarrow \underset{\text{(mixed salt)}}{NaKSO_4} \longrightarrow \underset{\text{(more than two radicals)}}{Na^+ K^+ SO_4^{-2}}$$

(ii) $Ca<^{OCl}_{Cl}$ (iii) $^{Na}_{K}>S$ (iv) $Na, NH_4, H > PO_4$





(C) संयुग्म अम्ल–क्षार युग्मः संयुग्म अम्ल–क्षार युग्म में उपस्थित अम्ल अथवा क्षार में सिर्फ एक H^+ या एक OH^- आयन का अंतर होता है

CH_3COOH	$\rightleftharpoons$	$CH_3COO^- + H^+$
दुर्बल अम्ल		संयुग्मी प्रबल क्षार
($K_a = 1.85 \times 10^{-5}$)		or acceptor ion
NH_4OH	$\rightleftharpoons$	$NH_4^+ + OH^-$
दुर्बल क्षार		संयुग्मी प्रबल अम्ल
($K_b = 1.85 \times 10^{-5}$)		या ग्राही आयन
HCl	$\rightleftharpoons$	$H^+ + Cl^-$
प्रबल अम्ल		संयुग्मी दुर्बल क्षार (दर्शक आयन)
($K_a \tilde{>} \infty$)		H^+ लेने की प्रवृत्ति $\tilde{<} 0$
$NaOH$	$\rightleftharpoons$	$Na^+ + OH^-$
प्रबल क्षार		संयुग्मी दुर्बल अम्ल
($K_b \tilde{>} \infty$)		(दर्शक आयन)

(D) संयुग्म अम्ल–क्षार युग्म के बीच संबंधः–

उदाहरण– $CH_3COOH \rightleftharpoons CH_3COO^- + H^+$

अम्ल — संयुग्मी क्षार

$NH_4OH \rightleftharpoons NH_4^+ + OH^-$

क्षार — संयुग्मी अम्ल

$CH_3COOH + H_2O \rightleftharpoons CH_3COO^- + H_3O^+$ $\qquad$ $CH_3COO^- + H_2O \rightleftharpoons CH_3COOH + OH^-$

$$K_a = \frac{[CH_3COO^-][H_3O^+]}{[CH_3COOH]} \quad \text{..... (i)} \qquad K_b = \frac{[CH_3COOH][OH^-]}{[CH_3COO^-]} \quad \text{.... (ii)}$$

दोनों अभिक्रियाओं में H_2O अधिक मात्रा में H_2O का इतना सक्रिय द्रव्यमान एक है।

अब समीकरण (i) और (ii) को गुणा करें

$K_a \times K_b = [H^+][OH^-]$

हम जानते हैं $[H^+] \times [OH^-] = K_W$ (पानी का आयनिक उत्पाद)

$$\boxed{K_a \times (K_b)_{\text{संयुग्मीक्षार}} = K_w}$$

दोनों तरफ से लॉग लेने से

$$\boxed{pK_a + (pK_b)_{\text{संयुग्मीक्षार}} = pK_w}$$

हम जानते हैं कि पानी के लिए 25°C, $K_W = 10^{-14}$ या $pK_W = 14$

इसलिए $\boxed{K_a \times (K_b)_{\text{संयुग्मीक्षार}} = 10^{-14}}$

या $\boxed{pK_a + (pK_b)_{\text{संयुग्मीक्षार}} = 14}$

Note : ये संबंध केवल संयुग्म अम्ल–क्षार युग्मों के लिए लागू होते हैं।

NEET Sarthi

लवणों का जल–अपघटन (HYDROLYSIS OF SALTS) :

लवण जलअपघटन को उस प्रक्रिया के रूप में परिभाषित किया जाता है जिसमें जल अम्ल और क्षार बनाने के लिए लवण के साथ अभिक्रिया करता है। अर्थात् जल में उपस्थित H^+ और OH^- आयन की सांद्रता में परिवर्तन होता है।

पानी + लवण $\rightleftharpoons$ अम्ल + क्षार

(A) प्रबल अम्ल और प्रबल क्षार [SA – SB] प्रकार के लवणों का जल–अपघटन –

Ex. NaCl, $BaCl_2$, Na_2SO_4, $KClO_4$, $BaSO_4$, $NaNO_3$, KBr, KCl आदि।

$NaCl + H_2O \rightleftharpoons NaOH + HCl$

$Na^+ + Cl^- + H_2O \rightleftharpoons Na^+ + OH^- + H^+ + Cl^-$

$H_2O \rightleftharpoons H^+ + OH^-$ (यह प्रकार के लवण का जल अपघटन नहीं होता है)

(i) [SA – SB] के लवण का जल–अपघटन संभव नहीं है।
(ii) इस प्रकार के लवणों का जलीय विलयन उदासीन प्रकृति का होता है। (pH = pOH = 7)
(iii) विलयन का pH 7 होता है।
(iv) लिटमस पेपर पर कोई प्रभाव नहीं होता है।

(B) प्रबल अम्ल और दुर्बल क्षार **[SA - WB]** प्रकार के लवणों का जल–अपघटन –

Ex. $CaSO_4$, NH_4Cl, $(NH_4)_2SO_4$, $Ca(NO_3)_2$, $ZnCl_2$, $CuCl_2$, $CaCl_2$, AgCl, AgI, $AgNO_3$ आदि

$NH_4Cl + H_2O \rightleftharpoons NH_4OH + HCl$

WB SA

$NH_4^+ + Cl^- + H_2O \rightleftharpoons NH_4OH + H^+ + Cl^-$

$NH_4^+ + H_2O \rightleftharpoons NH_4OH + H^+$

(i) इस प्रकार के लवण जल–अपघटन में जल लवण के धनायन भाग के साथ अभिक्रिया करता है इसलिए इसे धनायनित जल–अपघटन कहते है।
(ii) विलयन अम्लीय प्रकृति का होता है और $[H^+]$ की सान्द्रता बढ़ जाती है।
(iii) विलयन की pH 7 से कम होती है।
(iv) विलयन नीले लिटमस पत्र को लाल कर देता है।

K_h = जल अपघटन स्थिरांक
K_w = पानी का आयनिक उत्पाद
K_a = अम्ल का आयनन स्थिरांक
K_b = क्षार का आयनन स्थिरांक
h = जल अपघटन की कोटि
C = लवण की सांद्रता (आयनों की सांद्रता)

(a) K_h, K_W और K_b के बीच संबंध

$B^+ + H_2O \rightleftharpoons BOH + H^+$

$NH_4^+ + H_2O \rightleftharpoons NH_4OH + H^+$

जल अपघटन स्थिरांक $[K_h]$

$$K_h = \frac{[NH_4OH][H^+]}{[NH_4^+]} \quad \text{... (1)}$$

दुर्बल क्षार के लिए, $NH_4OH \rightleftharpoons NH_4^+ + OH^-$

$$K_b = \frac{\left[NH_4^+\right]\left[OH^-\right]}{\left[NH_4OH\right]} \quad \text{... (2)}$$

पानी के लिए $H_2O \rightleftharpoons H^+ + OH^-$

$K_W = [H^+][OH^-]$ ... (3)

अब Eq. (1) × (2) = Eq. (3)

$$\frac{\left[NH_4OH\right]\left[H^+\right]}{\left[NH_4^+\right]} \times \frac{\left[NH_4^+\right]\left[OH^-\right]}{\left[NH_4OH\right]} = [H^+][OH^-]$$

अर्थात $K_h \times K_b = K_W$

$$\boxed{K_h = \frac{K_W}{K_b}} \quad \text{... (4)}$$

(b) जल अपघटन की कोटि – **h** द्वारा दर्शाया गया

$NH_4^+ + H_2O \rightleftharpoons NH_4OH + H^+$

लवण की प्रारंभिक सांद्रता	C	0	0
	C – Ch	Ch	Ch

$$K_h = \frac{[NH_4OH][H^+]}{[NH_4^+]} = \frac{Ch \times Ch}{C - Ch} = \frac{C^2h^2}{C(1-h)} = \frac{Ch^2}{(1-h)}$$

यदि h <<<< 1 फिर (1 – h) ≈ 1

$\therefore \quad \boxed{K_h = Ch^2}$ ... (5)

$$h^2 = \frac{K_h}{C} \quad \Rightarrow \quad h = \sqrt{\frac{K_h}{C}} \quad \text{... (6)}$$

$$\therefore \quad K_h = \frac{K_W}{K_b} \quad \Rightarrow \quad h = \sqrt{\frac{\frac{K_W}{K_b}}{C}}$$

$$h = \sqrt{\frac{K_W}{K_b \times C}} \quad \text{... (7)}$$

(c) विलन की pH: pH = – log $[H^+]$

$$[H^+] = Ch = C\sqrt{\frac{K_W}{K_b \times C}} \quad \Rightarrow \quad [H^+] = \sqrt{\frac{K_W \times C}{K_b}} \quad \text{.... (8)}$$

दोनों तरफ – log लेने पर

$$-\log [H^+] = -\log \sqrt{\frac{K_W \times C}{K_b}} \quad \Rightarrow \quad pH = -\log \left(\frac{K_W \times C}{K_b}\right)^{1/2}$$

$$pH = -\frac{1}{2}\ [\log K_W + \log C - \log K_b]$$

$$pH = -\frac{1}{2}\log K_W - \frac{1}{2}\log C - \frac{1}{2}(-\log K_b)$$

$$pH = \frac{1}{2}pK_W - \frac{1}{2}\log C - \frac{1}{2}pK_b$$

$$\boxed{pH = 7 - \frac{1}{2}pK_b - \frac{1}{2}\log C} \quad \text{.... (9)}$$

(C) दुर्बल अम्ल और प्रबल क्षार [WA – SB] प्रकार के लवणों का जल–अपघटन –

Ex. CH_3COONa, HCOONa, KCN, NaCN, K_2CO_3, $BaCO_3$, K_3PO_4 etc.

$CH_3COONa + H_2O \rightleftharpoons CH_3COOH + NaOH$

$CH_3COO^- + Na^+ + H_2O \rightleftharpoons CH_3COOH + Na^+ + OH^-$

$CH_3COO^- + H_2O \rightleftharpoons CH_3COOH + OH^-$

(i) इस प्रकार के लवण जल अपघटन में, ऋणायन जल के साथ अभिक्रिया करता है इसलिए इसे ऋणायनी जल अपघटन कहा जाता है।

(ii) विलयन क्षारीय प्रकृति का होता है और $[OH^-]$ आयन की सान्द्रता बढ़ती है।

(iii) विलयन का pH 7 से अधिक होता है।

(iv) विलयन लाल लिटमस पत्र को नीला कर देता है।

(a) K_h, K_W और K_a के बीच संबंध

$CH_3COO^- + H_2O \rightleftharpoons CH_3COOH + OH^-$

$$K_h = \frac{[CH_3COOH][OH^-]}{[CH_3COO^-]} \quad \text{... (1)}$$

दुर्बल अम्ल के लिए

$CH_3COOH \rightleftharpoons CH_3COO^- + H^+$

$$K_a = \frac{[CH_3COO^-][H^+]}{[CH_3COOH]} \quad \text{... (2)}$$

जल के लिए

$H_2O \rightleftharpoons H^+ + OH^-$

$K_W = [H^+]\,[OH^-]$ ... (3)

अब eq. (1) × eq. (2) = eq. (3)

$$\frac{[CH_3COOH][OH^-]}{[CH_3COO^-]} \times \frac{[CH_3COO^-][H^+]}{[CH_3COOH]} = [H^+][OH^-]$$

$K_h \times K_a = K_W$

$$\boxed{K_h = \frac{K_W}{K_a}} \quad \text{... (4)}$$

(b) जल अपघटन की कोटि (h):

	$CH_3COO^- + H_2O \rightleftharpoons$	$CH_3COOH +$	OH^-
लवण की प्रारंभिक सांद्रता	C	0	0
	C – Ch	Ch	Ch

$$K_h = \frac{[CH_3COOH][OH^-]}{[CH_3COO^-]} = \frac{Ch \times Ch}{C - Ch} = \frac{C^2h^2}{C(1-h)}$$

$$K_h = \frac{Ch^2}{(1-h)}$$

यदि h <<<< 1 फिर $(1 - h) \approx 1$

$\therefore$ $\boxed{K_h = Ch^2}$ ...(5)

$$h^2 = \frac{K_h}{C} \text{ or } h = \sqrt{\frac{K_h}{C}} \quad \text{...(6)}$$

$$\boxed{h = \sqrt{\frac{K_W}{K_a \times C}}} \quad \text{...(7)}$$

(c) विलयन का **pH**

$[OH^-] = Ch$

$[OH^-] = C\sqrt{\frac{K_W}{K_a \times C}}$ × or $[OH^-] = \sqrt{\frac{K_W \times C}{K_a}}$

∵ $K_W = [OH^-][H^+]$

∴ $\left[H^+\right] = \frac{K_W}{\left[OH^-\right]} = \frac{K_W}{\sqrt{\frac{K_W \times C}{K_a}}}$

$$\boxed{\left[H^+\right] = \sqrt{\frac{K_W \times K_a}{C}}} \qquad ...(8)$$

दोनों तरफ – log लेने पर

$-\log [H^+] = -\log \sqrt{\frac{K_W \times K_a}{C}}$

$pH = -\log \left(\frac{K_W \times K_a}{C}\right)^{1/2}$

$pH = -\frac{1}{2}[\log K_W + \log K_a - \log C]$

$pH = -\frac{1}{2}\log K_W - \frac{1}{2}\log K_a + \frac{1}{2}\log C$

$pH = \frac{1}{2}pK_W + \frac{1}{2}pKa + \frac{1}{2}\log C$

$$pH = 7 + \frac{1}{2}pKa + \frac{1}{2}\log C \qquad ...(9)$$

(D) दुर्बल अम्ल और दुर्बल क्षार (WA – WB) प्रकार के लवण का जल अपघटन:

Ex. CH_3COONH_4, $AgCN$, NH_4CN, $CaCO_3$, $[NH_4]_2CO_3$, $ZnHPO_3$ etc.

$CH_3COONH_4 + H_2O \rightleftharpoons CH_3COOH + NH_4OH$

$CH_3COO^- + NH_4^+ + H_2O \rightleftharpoons CH_3COOH + NH_4OH$

विलयन लगभग उदासीन होता है लेकिन अम्ल और क्षार की प्रकृति के आधार पर यह अम्लीय या क्षारकीय हो सकता है और विलयन का pH 7 के करीब होता है।

(a) **K_h, K_W, K_a** और **K_b** के बीच संबंध:-

$CH_3COO^- + NH_4^+ + H_2O \rightleftharpoons CH_3COOH + NH_4OH$

$$K_h = \frac{[CH_3COOH][NH_4OH]}{[CH_3COO^-][NH_4^+]} \qquad ....(1)$$

दुर्बल क्षार के लिए

$NH_4OH \rightleftharpoons NH_4^+ + OH^-$

$$K_b = \frac{[NH_4^+][OH^-]}{[NH_4OH]} \qquad ....(2)$$

दुर्बल अम्ल के लिए

$CH_3COOH \rightleftharpoons CH_3COO^- + H^+$

NEET Sarthi

$$K_a = \frac{[CH_3COO^-][H^+]}{[CH_3COOH]}$$ .....(3)

जल के लिए

$H_2O \rightleftharpoons H^+ + OH^-$

$K_W = [H^+]\,[OH^-]$ .....(4)

गुणन समीकरण Eq. (1) × Eq. (2) × Eq. (3) = Eq. (4)

$$\frac{[CH_3COOH][NH_4OH]}{[CH_3COO^-][NH_4^+]} \times \frac{[NH_4^+][OH^-]}{[NH_4OH]} \times \frac{[CH_3COO^-][H^+]}{[CH_3COOH]} = [H^+]\,[OH^-]$$

$K_h \times K_b \times K_a = K_W$

$$\boxed{K_h = \frac{K_W}{K_a \times K_b}}$$ .....(5)

(b) जल अपघटन की कोटि **(h) –**

	CH_3COO^- +	$NH_4^+ + H_2O \rightleftharpoons$	CH_3COOH +	NH_4OH
लवण की प्रारंभिक सांद्रता	C	C	0	0
	C – Ch	C – Ch	Ch	Ch

$$K_h = \frac{[CH_3COOH][NH_4OH]}{[CH_3COO^-][NH_4^+]} = \frac{Ch \times Ch}{(C-Ch)(C-Ch)} = \frac{C^2h^2}{C(1-h) \times C(1-h)}$$

यदि h <<<< 1 फिर (1 – h) ≈ 1

$\therefore$ $\boxed{K_h = h^2}$ .....(6)

or $h^2 = \frac{K_W}{K_a \times K_b}$ or $\boxed{h = \sqrt{\frac{K_W}{K_a \times K_b}}}$ .....(7)

(c) विलयन की **pH**

समीकरण (3) से

$$K_a = \frac{[CH_3COO^-][H^+]}{[CH_3COOH]}$$

$$[H^+] = \frac{K_a \times [CH_3COOH]}{[CH_3COO^-]} = \frac{K_a \times Ch}{C-Ch} = \frac{K_a \times h}{1-h}$$

यदि h <<<< 1 फिर (1 – h) ≈ 1

$[H^+] = K_a \times h$ [अब eq. (7) से h का मान लिखे

$$= K_a \times \sqrt{\frac{K_W}{K_a \times K_b}}$$

$$\boxed{[H^+] = \sqrt{\frac{K_W \times K_a}{K_b}}}$$ .....(8)

दोनों तरफ –log लेने पर $-\log [H^+] = -\log \left(\frac{K_w \times K_a}{K_b}\right)^{1/2}$

$pH = -\frac{1}{2}[\log (K_w \times K_a) - \log K_b]$

$pH = -\frac{1}{2}[\log K_W + \log K_a - \log K_b]$

$pH = -\frac{1}{2}[\log K_W] - \frac{1}{2}[\log K_a] - \frac{1}{2}[-\log K_b]$

$pH = +\frac{1}{2} pK_W + \frac{1}{2} pKa - \frac{1}{2} pK_b$

$$\boxed{pH = 7 + \frac{1}{2}pK_a - \frac{1}{2}pK_b} \quad \text{.....(9)}$$

टिप्पणी: दुर्बल अम्ल और दुर्बल क्षार [WA – WB] प्रकार के लवण के जल–अपघटन की मात्रा लवण की सांद्रता पर निर्भर नहीं करती है।

WA - WB प्रकार के लवण के लिए :

शर्तें	$K_a > K_b$	$K_b > K_a$	$K_a = K_b$
1. जल अपघटन	धनायनित–ऋणायनित	ऋणायनित–धनायनित	उदासीन जल अपघटन
2. प्रकृति	अम्लीय	क्षारीय	उदासीन
3. pH	pH < 7	pH > 7	pH = 7

सारांश :

लवण का प्रकार	$K_h = \frac{K_w}{weak}$ **25°C पर**	$h = \sqrt{\frac{K_h}{C}}$	$[H^+]$	pH
SA-SB	N.A.	N.A.	10^{-7}	7
WA-SB	$K_h = \frac{K_w}{K_a}$	$h = \sqrt{\frac{K_w}{K_a \times C}}$	$\sqrt{\frac{K_w \times K_a}{C}}$	$7 + \frac{1}{2} pKa + \frac{1}{2} \log C$
SA-WB	$K_h = \frac{K_w}{K_b}$	$h = \sqrt{\frac{K_w}{K_b \times C}}$	$\sqrt{\frac{K_w \times C}{K_b}}$	$7 - \frac{1}{2} pK_b - \frac{1}{2} \log C$
WA-WB	$K_h = \frac{K_w}{K_a \times K_b}$	$h = \sqrt{\frac{K_w}{K_a \times K_b}}$	$\sqrt{\frac{K_w \times K_a}{K_b}}$	$7 + \frac{1}{2} pKa - \frac{1}{2} pK_b$

यदि अम्ल क्षार बहुक्षारकीय / बहुअम्लीय है, तो कुछ और मामले सामने आ सकते हैं।

(i) बहुसंयोजी आयनों (या धनायनों) या दुर्बल पॉलीप्रोटिक अम्लों (या क्षारों) से युक्त विलयन

(ii) इन प्रजातियों का जल अपघटन विभिन्न चरणों में नहीं होता है। (जैसे दुर्बल पॉलीप्रोटिक अम्ल का अपघटन)

(iii) विभिन्न चरणों में से, आमतौर पर पहला चरण जल अपघटन मुख्य रूप से दो कारणों से हावी होता है।

(a) पहले चरण के जल अपघटन स्थिरांक की तुलना में दूसरे और आगे के चरणों का जल अपघटन स्थिरांक आमतौर पर नगण्य है

(b) पहले चरण जल अपघटन (समान आयन प्रभाव) के कारण उत्पन्न आयनों की उपस्थिति में दूसरे और आगे के चरण जल अपघटन को दबा दिया जाएगा।

पॉलीप्रोटिक अम्ल जैसे (H_2S, H_3PO_4, H_2CO_3, H_2CO_3, $H_2C_2O_4$) के लिए

हम पहले से ही जानते हैं कि अपघटन हमेशा चरणों में होता है जैसे। H_3PO_4

$H_3PO_4 \rightleftharpoons H^+ + H_2PO_4^-$ $\quad Ka_1 = \dfrac{[H^+][H_2PO_4^-]}{[H_3PO_4]}$ ..... (1)

$H_2PO_4 \rightleftharpoons H^+ + HPO_4^{2-}$ $\quad Ka_2 = \dfrac{[H^+][HPO_4^{2-}]}{[H_2PO_4]}$ ..... (2)

$HPO_4^{2-} \rightleftharpoons H^+ + HPO_4^{3-}$ $\quad Ka_3 = \dfrac{[H^+][HPO_4^{3-}]}{[HPO_4^{2-}]}$ ..... (3)

सभी अम्ल के लिए हमारे पास हमेशा $Ka_1 >> Ka_2 >> Ka_3$ होता है

$HS^- \rightleftharpoons S^{2-} + H^+$

$C_1\alpha_1(1-\alpha_2)$ $C_1\alpha_1\alpha_2 \approx 0.1$

$10^{-14} = \dfrac{C_1\alpha_1\alpha_1 \times 0.1}{C_1\alpha_1(1-\alpha_2)}$

HS^- के अपघटन की कोटि $HS^- = \alpha_2 = 10^{-13}$

$[S^{2-}] = C_1\alpha_2\alpha_2 = 10^{-1} \times 10^{-6} \times 10^{-13} = 10^{-20}$ M

$[HS^-] \approx C_1\alpha_1 = 10^{-1} \times 10^{-6} = 10^{-7}$ M

H^+ आयन की गणना पहले चरण से ही की जा सकती है क्योंकि (H^+) दूसरे और तीसरे चरण से उपेक्षित किया जा सकता है

(a) $Ka_1 >> ka_2 >> Ka_3$

(a) [H^+] पहले पृथक्करण से दूसरे और तीसरे चरण के पृथक्करण को दबा दिया जाएगा

बहुसंयोजी आयनों के जल अपघटन से (लवण जैसे K_3PO_4, Na_2CO_3, $ZnSO_4$, $FeCl_3$,$(NH_4)_2C_2O_4$ जैसे आयनों से PO_4^{3-}, CO_3^{2-}, Zn^{+2}, fe^{+3} आदि)

व्युत्पत्ति

	$PO_4^{3-} + H_2O$	$\rightleftharpoons$	HPO_4^{2-} +	OH^-
$t = 0$	C		0	0
$t = eq$	$C(1-h)$		Ch	Ch

$Kh_1 = \dfrac{[OH^-][HPO_4^{2-}]}{PO_4^{3-}}$ ..... (4)

$HPO_4^{2-} + H_2O \rightleftharpoons H_2PO_4^{2-} + OH^-$

$Kh_2 = \dfrac{[OH^-][HPO_4^-]}{[HPO_4^{2-}]}$ ..... (5)

$H_2PO_4^- + H_2O \rightleftharpoons H_3PO_4 + OH^-$

$Kh_3 = \dfrac{[OH^-][H_3PO_4]}{[H_2PO_4^-]}$ ..... (6)

$H_2O \rightleftharpoons H^+ + OH^-$

$Kw = [H^+][OH^-]$ ..... (7)

उपरोक्त समीकरणों से, हम प्राप्त करते हैं

$Ka_1 \times Kh_3 = K_w$; $Ka_2 \times Kh_2 = k_w$; $Ka_3 \times Kh_1 = K_w$

संख्यात्मक रूप से $Kh_1 >> Kh_2 >> Kh_3$

आम तौर पर P^H की गणना केवल पहले चरण के जल अपघटन का उपयोग करके की जाती है

$$Kh_1 = \frac{Ch - Ch}{C(1-h)} = \frac{Ch^2}{1-h}$$

$1 - h \approx 1$

$$Kh_1 = Ch_2 \qquad \& \; h = \sqrt{\frac{Kh_1}{C}}$$

$$[OH^-] = Ch = \sqrt{Kh_1} \times C$$

$$[H^+] = \frac{Kw}{[OH^-]} = Kw\sqrt{\frac{Ka_3}{Kw \times C}} = \sqrt{\frac{Kw \times Ka_3}{C}}$$

तो, $pH = \frac{1}{2}\left[pK_w + pKa_3 + \log c\right]$

अगर $h \geq 0.1$ हमें द्विघात समीकरण Sol. करना चाहिए

उभयचर आयनों (या धनायन) युक्त विलयन

$NaHCO_3$, NaHS आदि का ऋणायन H^+ से आयनन हो सकता है और OH^- बनाने के लिए जल अपघटन से भी गुजर सकता है।

(1) $HCO_3^- + H_2O \xrightleftharpoons{\text{ionisation}} Co_3^{2-} + H_3O^+$; Ka_2

(2) $HCO_3^- + H_2O \xrightleftharpoons{\text{hydrolysis}} H_2CO_3 + OH^-$; $\frac{Kw}{Ka}$

मना कि :– आयनीकरण की डिग्री (α) = जल अपघटन की डिग्री (h) या $[CO_3^{2-}] = [H_2CO_3]$

pH की गणना संबंध द्वारा की जा सकती है: –

$pH(HCO_3^-) = \left(\frac{pKa_1 + pKa_2}{2}\right)$ = आयनीकरण और जल अपघटन अभिक्रिया में शामिल क्षार अम्ल के pKa मानों का औसत

इसी तरह $H_2PO_4^-$ और HPO_4^{2-} एम्फीप्रोटिक आयनों के लिए

$pH(H_2PO_4^-) = \left(\frac{pKa_1 + pKa_2}{2}\right)$ and

$pH(HPO_4^{2-}) = \left(\frac{pKa_2 + pKa_3}{2}\right)$

जहां Ka_1, Ka_2 और Ka_3 H_3PO_4. के वियोजन स्थिरांक हैं।

Ex.13 5.13 pH प्राप्त करने के लिए कितने ग्राम NH_4Cl को प्रति लीटर विलयन में मिलाना चाहिए? (pK_b= 4.74)

Sol. NH_4Cl SA + WB का लवण है

$$pH = \frac{1}{2}[pK_w - \log c - pK_b]$$

$10.26 = 14 - \log C - 4.74$

$C = 10^{-1}$ M

$[NH_4Cl] = 10^{-1}$ M

$W_{NH4Cl} = 10^{-1} \times 53.5$ g $L^{-1} = 5.35$ g L^{-1}

Ex.14 NaCN के 0.01 M विलयन के pH की गणना उसके जल–अपघटन की कोटि से करें, यदि HCN के लिए K_a का मान 6.2×10^{-12} है।

Sol. NaCN = SB + W.A का लवण

$CN^- + H_2O \rightleftharpoons HCN + OH^-$

$$k_h = \frac{[HCN][OH]}{[CN^-]} = \frac{kw}{Ka} = \frac{10^{-14}}{6.2\times10^{-12}}$$

माना x मोल लवण जल अपघटन से गुजरता है

$[CN^-] = 0.01 - x \approx 0.01$

$[HCN] = x$

$[OH^-] = x$

$$k_h = \frac{x \cdot x}{0.01} = 1.6\times10^{-3}$$

$x^2 = 1.6 \times 10^{-5} \Rightarrow x = 4 \times 10^{-3}$

$[OH^-] = x = 4 \times 10^{-3}$

$$[H_3O^+] = \frac{kw}{[OH^-]} = \frac{10^{-14}}{4\times10^{-3}} = 0.25\times10^{-11}$$

$pH = -\log(0.25 \times 10^{-11}) = 11.602$

जल अपघटन की कोटि $= \frac{x}{0.01} = \frac{4\times10^{-3}}{0.01} = 4\times10^{-1}$

PRACTICE SECTION-02

Q.1 दिया गया, $HF + H_2O \overset{K_a}{\rightleftharpoons} H_3O^+ + F^-$

$F^- + H_2O \overset{K_b}{\rightleftharpoons} HF + OH^-$

कौन सा संबंध सही है?

(1) $K_b = K_w$ (2) $K_b = \frac{1}{K_w}$ (3) $K_a \times K_b = K_w$ (4) $\frac{K_a}{K_b} = K_w$

Q.2 सही कथन हैं:

(1) CH_3COOH एक दुर्बल अम्ल है (2) NH_4Cl पानी में क्षारीय विलयन देता है

(3) CH_3COONa पानी में अम्लीय विलयन देता है (4) Na_2SO_4 पानी में क्षारीय विलयन देता है

Q.3 25°C पर 0.10 M KCN विलयन के pH की गणना करें। HCN के लिए $K_a = 6.2 \times 10^{-10}$

(1) 3.9 (2) 11.1 (3) 7 (4) कोई नहीं

Q.4 pH के 0.10 M विलयन के NH_4Cl की गणना कीजिए वियोजन स्थिरांक (K_b) NH_3 is 1.6×10^{-5} है

(1) 5.1 (2) 8.9 (3) 7 (4) 3

Q 5 एक दुर्बल अम्ल HA ($k_a = 10^{-5}$) लवण AB बनाने के लिए प्रबल क्षार के साथ संयुक्त होता है इस लवण निर्माण के लिए साम्य स्थिरांक ज्ञात कीजिए।

(1) 10^{-9} (2) 10^9 (3) 10^{-5} (4) 10^5

Q.6 pKa एसिटिक अम्ल और pK_b का अमोनियम हाइड्रॉक्साइड के क्रमशः 4.76 और 4.75 हैं। 298 K पर अमोनियम एसीटेट के जल अपघटन स्थिरांक की गणना करें

(1) 1.25×10^{-5} (2) 3.25×10^{-5} (3) 6×10^{-4} (4) 2×10^{-4}

Q.7 निम्नलिखित में से कौन सा लवण अधिकतम आयनिक जल जल अपघटन का प्रतिनिधित्व करता है

(1) KCl (2) CH_3COONa (3) HCOONa (4) PhONa

ANSWER KEY							
Que.	**1**	**2**	**3**	**4**	**5**	**6**	**7**
Ans.	3	1	2	1	2	2	4

विलेयता तथा विलेयता गुणनफल (K_{sp}) (SOLUBILITY AND SOLUBILITY PRODUCT(Ksp)) :

(A) विलेयता (SOLUBILITY):

(a) परिभाषा :

(i) किसी पदार्थ के अधिकतम मोलों की वह संख्या जो 1 लीटर विलयन में उपस्थित होकर विलयन को संतृप्त कर दे, उस पदार्थ की किसी निश्चित ताप पर विलेयता कहलाती है।

$$S(M)=\frac{\text{विलेय के मोलों की संख्या}}{\text{विलयन का आयतन (लीटर में)}}=\frac{x}{M_w \times V_{lit}} \text{ मोल/लीटर}$$

(ii) विलेय का अधिकतम भार जो विलायक की दी गई मात्रा में विलेयित हो जाता है, विलेयता कहलाती है।

(b) मुख्य बिन्दु :

विलेयता पदार्थ की मात्रा व विलयन के आयतन पर निर्भर नहीं करती है, जबकि यह निम्न पर निर्भर करती है।

(i) ताप

(ii) समआयन की उपस्थिति

(iii) विलायक की प्रकृति

(AgCl का अणुभार = 143.5)

($BaSO_4$ का अणुभार = 233)

- विलेयता सदैव मोलरता में निकालते है।

(B) विलेयता गुणनफल (K_{sp}) (SOLUBILITY PRODUCT) :

(a) निश्चित ताप पर किसी पदार्थ के संतृप्त विलयन में उपस्थित आयनों की सान्द्रता का गुणनफल उस पदार्थ का विलेयता गुणनफल कहलाता है।

Ex. (i) माना AgCl की विलेयता

	$AgCl \rightleftharpoons$	Ag^+ +	Cl^-
S मोल/लीटर	a	0	0
ठोसावस्था में संतृप्तता के बाद	a – S	S	S

L.M.A. के अनुसार

संतृप्तता पर आयनों की सान्द्रता के रूप में विलेयता गुणनफल $K_{sp} = [Ag^+][Cl^-]$

विलेयता के रूप में विलेयता गुणनफल $K_{sp} = (S)(S)$

$$\boxed{K_{sp}=S^2}$$

Ex. (ii) $CaCl_2$ के लिए Ksp

	$CaCl_2 \rightleftharpoons$	Ca^{+2} +	$2Cl^-$
प्रारम्भ में	a	0	0
माना $CaCl_2$ की विलेयता S है	a – S	S	2S

आयनों की सान्द्रता के रूप में विलेयता गुणनफल $Ksp = [Ca^{+2}][Cl^-]^2$

विलेयता के रूप में विलेयता गुणनफल $K_{sp} = (S)(2S)^2$

$$\boxed{K_{sp}=4S^3}$$

Ex. (iii) $AlCl_3$ के लिए Ksp

	$AlCl_3 \rightleftharpoons$	Al^{+3} +	$3Cl^-$
प्रारम्भ में	a	0	0
माना $AlCl_3$ की विलेयता S mol/L है	a – S	S	3S

आयनों की सान्द्रता के रूप में विलेयता गुणनफल $K_{sp} = [Al^{+3}][Cl^-]^3$

विलेयता के रूप में विलेयता गुणनफल $K_{sp} = (S)(3S)^3$

$$\boxed{K_{sp}=27S^4}$$

NEET Sarthi

(b) साधारण रूप $AxBy \rightleftharpoons xA^{+y} + yB^{-x}$

a	0	0
a – S	xS	yS

$K_{sp} = [A^{+y}]^x [B^{-x}]^y$

$= [xs]^x \times [ys]^y = x^x.s^x.\ y^y.s^y$

$\boxed{K_{sp} = x^x\, y^y\, S^{(x+y)}}$

Ex. (i) $Al_2(SO_4)_3$

$K_{sp} = 2^2 \times 3^3 \times (S)^{2+3} = 4 \times 27 \times S^5 = 108\, S^5$

(ii) Na_2KPO_4

$K_{sp} = 2^2 \times 1^1 \times 1^1 (S)^{2+1+1} = 4S^4$

(iii) $NaKRbPO_4$

$K_{sp} = 1^1 \times 1^1 \times 1^1 \times 1^1 \times (S)^{1+1+1+1} = S^4$

विलेयता गुणनफल (K_{sp}) के अनुप्रयोग

(A) विलेयता (S) ज्ञात करना –

(i) AB (एक–एक, द्वि–द्वि, त्रि–त्रि संयोजी) प्रकार के लवणों का K_{sp} –

Ex. NaCl, $BaSO_4$, CH_3COONa, $CaCO_3$, NaCN, KCN, NH_4CN, NH_4Cl आदि

$AB(s) \rightleftharpoons A^+ + B^-$

1	0	0
1	s	s

$K_{sp} = [A^+]\,[B^-]$

$K_{sp} = s^2$ या $s = \sqrt{K_{sp}}$

(ii) AB_2 या A_2B (द्वि–एक या एक–द्वि संयोजी) प्रकार के लवणों का K_{sp} –

Ex. $CaCl_2$, $CaBr_2$, K_2S, $(NH_4)_2SO_4$, K_2SO_4, K_2CO_3 आदि

$AB_2(s) \rightleftharpoons A^{+2} + 2B^-$

1	0	0
1	s	2s

$K_{sp} = [A^{+2}]\,[B^-]^2$

$K_{sp} = s \times (2s)^2 = s \times 4s^2 = 4s^3$

$s = \left(\frac{K_{sp}}{4}\right)^{1/3}$

(iii) AB_3 or A_3B (त्रि–एक या एक–त्रि संयोजी) प्रकार के लवणों का K_{sp} –

Ex. $FeCl_3$, $AlCl_3$, K_3PO_4 आदि

$AB_3(s) \rightleftharpoons A^{+3} + 3B^-$

1	0	0
1	s	3s

$K_{sp} = \left[A^{+3}\right]\left[B^-\right]^3 = s \times (3s)^3 = 27s^4$

$s = \left(\frac{K_{sp}}{27}\right)^{1/4}$

NEET Sarthi

(iv) A_2B_3 या A_3B_2 (त्रि–द्वि या द्वि–त्रि संयोजी) प्रकार के लवणों का K_{sp}–

Ex. $Al_2(SO_4)_3$, $Ba_3(PO_4)_2$ आदि

$A_2B_3(s) \rightleftharpoons 2A^{+3} + 3B^{-2}$

1 0 0

1 2s 3s

$K_{sp} = \left[A^{+3}\right]^2\left[B^{-2}\right]^3 = 2s \times 2s \times 3s \times 3s \times 3s = 108s^5$

$$s = \left(\frac{K_{sp}}{108}\right)^{1/5}$$

(B) विलेयता पर समआयन का प्रभाव :

मुख्य बिन्दु : समआयन की उपस्थिति से पदार्थ की विलेयता सदैव कम होती है।

Ex. (i) AgCl की विलेयता, C सान्द्रता वाले NaCl विलयन में ज्ञात कीजिये।

$AgCl \rightleftharpoons Ag^+ + Cl^-$

S S S (माना AgCl की विलेयता S mol L^{-1} है)

$K_{sp} = [Ag^+]\,[Cl^-]$

$K_{sp} = S^2$

NaCl विलयन में $NaCl \rightleftharpoons Na^+ + Cl^-$

C C C $[Cl^-] = C$

अब AgCl की विलेयता सोडियम क्लोराईड (NaCl) विलयन की उपस्थिति में S' mol L^{-1}

$AgCl \rightleftharpoons Ag^+ + Cl^-$

S' S' S'+C

L.M.A. के अनुसार

$K_{sp} = [Ag^+]'\,[Cl^-]'$

$K_{sp} = S'\,(S' + C) = S'^2 + S'C$ (S' का उच्च मान नगण्य मान लिया जाता है)

$K_{sp} = S'\,C$

$$\boxed{S' = \frac{K_{sp}}{C}}$$

Ex. (ii) $CaCl_2$ की विलेयता, C सान्द्रता वाले NaCl विलयन में ज्ञात कीजिये।

$CaCl_2 \rightleftharpoons Ca^{+2} + 2Cl^-$

S S 2S [माना $CaCl_2$ की विलेयता S mol/L है]

$K_{sp} = [Ca^{+2}]\,[Cl^-]^2$

$= 4S^3$

NaCl विलयन में $NaCl \rightleftharpoons Na^+ + Cl^-$

C C C $[Cl^-] = C$

अब $CaCl_2$ की विलेयता सोडियम क्लोराइड (NaCl) विलयन की उपस्थिति में S' mol L^{-1}

$CaCl_2 \rightleftharpoons Ca^{+2} + 2Cl^-$

S' S' 2S'+C

L.M.A. के अनुसार

$K_{sp} = [Ca^{+2}]'\,[Cl^-]'^2$

$K_{sp} = S'\,(2S' + C)^2 = S'\,(4S'^2 + 4S'C + C^2)$

$K_{sp} = 4S'^3 + 4S'^2C + S'C^2$ (S' का उच्च मान नगण्य मान लिया जाता है)

$$\boxed{S' = \frac{K_{sp}}{C^2}}$$

NEET Sarthi

Ex. (iii) NaCl की विलेयता, C सान्द्रता वाले $CaCl_2$ विलयन में ज्ञात कीजिये।

$CaCl_2 \rightleftharpoons Ca^{+2} + 2Cl^-$

C C 2C

अब NaCl की विलेयता सोडियम क्लोराइड (NaCl) विलयन की उपस्थिति में S' mol L^{-1}

$NaCl \rightleftharpoons Na^+ + Cl^-$

S' S' S'+2C

L.M.A. के अनुसार

$K_{sp} = [Na^+]^1 [Cl^-]^1$

$K_{sp} = S' (S' + 2C) = S'^2 + 2S'C$ (S' का उच्च मान नगण्य मान लिया जाता है)

$$\boxed{S' = \frac{K_{sp}}{2C}}$$

(C) समूह अवक्षेपण:

(i). $Q_{sp} < K_{sp} \Rightarrow$ असंतृप्त
(ii). $Q_{sp} = K_{sp} \Rightarrow$ संतृप्त
} अवक्षेपण नहीं

(iii). $Q_{sp} > K_{sp} \Rightarrow$ अतिसंतृप्त = अवक्षेपण

समूह	समूह अभिकर्मक	क्षारीय मूलक	संघटन तथा अवक्षेप का रंग
शून्य	NaOH or $Ca(OH)_2$, यदि ऊष्मा आवश्यक होती है	NH_4^+	अमोनिया गैस मुक्त होती है।
1	तनु HCl	Ag^+ Hg_2^{2+} Pb^{2+}	AgCl ; श्वेत Hg_2Cl_2 ; श्वेत $PbCl_2$; श्वेत
2	तनु HCl की उपस्थिति में H_2S(YAS में अविलेय)	Hg^2 Pb^{2+} Bi^{3+} Cu^{2+} Cd^{2+}	HgS ; काला PbS ; काला Bi_2S_3 ; काला CuS ; काला CdS ; पीला
2	तनु HCl की उपस्थिति में H_2S (YAS में विलेय)	As^{3+} Sb^{3+} Sn^{2+} Sn^{4+}	As_2S_3 ; पीला Sb_2S_3 ; नारंगी SnS ; भूरा SnS_2 ; पीला
3	NH_4Cl की उपस्थिति में NH_4OH	Fe^{3+} Cr^{3+} Al^{3+}	$Fe(OH)_3$; लाल भूरा $Cr(OH)_3$; हरा $Al(OH)_3$; जिलेटिन जैसा श्वेत
4	NH_4OH तथा NH_4Cl की उपस्थिति में H_2S	Zn^{2+} Mn^{2+} Co^{2+} Ni^{2+}	ZnS ; मटमैला श्वेत MnS ; हल्का गुलाबी CoS ; काला NiS ; काला
5	NH_4OH की उपस्थिति में $(NH_4)_2CO_3$	Ba^{2+} Sr^{2+} Ca^{2+}	$BaCO_3$; श्वेत $SrCO_3$; श्वेत $CaCO_3$; श्वेत
6	NH_4OH की उपस्थिति में Na_2HPO_4	Mg^{2+}	$Mg(NH_4)PO_4$; श्वेत

NEET Sarthi

मुख्य बिन्दु :

(a). Hg^{+1} (us) $\rightarrow$ जलीय विलयन में अस्थायी है [यह द्विलक (Hg_2^{+2}) के रूप में स्थायी होता है $\Rightarrow Hg_2Cl_2$]

$Hg_2Cl_2 \rightleftharpoons Hg_2^{+2} + 2Cl^-$

S S 2S

$K_{sp} = [Hg_2^{+2}] [Cl^-]^2$

$= (S) (2S)^2$

$\boxed{K_{sp} = 4S^3}$

(b). Hg^{+2} (ic) $\rightarrow HgCl_2 \rightarrow$ जलीय विलयन में स्थायी है।

$HgCl_2 \rightleftharpoons Hg^{+2} + 2Cl^-$

S S 2S

$\boxed{K_{sp} = 4S^3}$

(c). द्वितीय वर्ग को अवक्षेपित करने के लिए H_2S को अम्लीय माध्यम में प्रवाहित करने का कारण, समआयन प्रभाव द्वारा सल्फाइड आयनों की सान्द्रता को कम करना है जिससे द्वितीय वर्ग के धनायन व सल्फाइड आयन का आयनिक गुणनफल इनके अपने धात्विक सल्फाइड के विलेयता गुणनफल से अधिक हो जाये। जिससे कि केवल द्वितीय वर्ग के धनायन ही अवक्षेपित हो, शेष वर्ग के धनायन (III, IV, V) अवक्षेपित होने से रूक जाऐ।

क्योंकि H_2S को सीधे ही मिलाने पर II^{nd} के साथ IV^{th} वर्ग के मूलक भी अवक्षेपित होने लगते है।

$H_2S \rightleftharpoons 2H^+ + S^{-2}$

$Ksp_{II} < Ksp_{IV} < [II^{nd}$ व IV समूह के मूलक$] [S^{-2}]$

जब अम्लीय विलयन $[H^+]$ में H_2S गैस प्रवाहित की जाती है तो केवल II^{nd} वर्ग के मूलक अवक्षेपित होते है।

$H_2S \rightleftharpoons 2H^+ + S^{-2}$

$Ksp_{II} < [II^{nd}$ व IV समूह के मूलक$] [S^{-2}] < Ksp_{IV}$

(d). तृतीय वर्ग को अवक्षेपित करने के लिए NH_4OH को NH_4Cl की उपस्थिति में मिलाने का कारण, समआयन प्रभाव द्वारा हाइड्रोक्साइड आयनों की सान्द्रता को कम करना है। जिससे तृतीय वर्ग के धनायन व हाइड्रोक्साइड आयन का आयनिक गुणनफल इनके अपने धात्विक हाइड्रोक्साइड के विलेयता गुणनफल से अधिक हो जाये जिससे कि III^{rd} वर्ग के धनायन ही अवक्षेपित हो तथा शेष वर्ग के धनायन (IV, V) अवक्षेपित होने से रूक जाए।

(e). चतुर्थ वर्ग को अवक्षेपित करने के लिए H_2S को क्षारीय माध्यम में प्रवाहित करने का कारण, विषम आयन प्रभाव द्वारा सल्फाइड आयनों की सान्द्रता को बढ़ाना है, जिससे चतुर्थ वर्ग के धनायन व सल्फाइड आयन का आयनिक गुणनफल इनके अपने धात्विक सल्फाइड के विलेयता गुणनफल से अधिक हो जाये जिससे कि केवल चतुर्थ वर्ग के धनायन आसानी से अवक्षेपित हो जाए।

$H_2S \rightleftharpoons 2H^+ + S^{-2}$

$NH_4OH \rightleftharpoons NH_4^+ + OH^- \rightarrow H_2O$ (विषम आयन प्रभाव)

इसलिए $[S^{-2}]\uparrow$ आयन की मात्राा बढ़ाने पर

$Ksp_{IV} < [IV$ समूह के मूलक$] [S^{-2}]$

(f). पंचम वर्ग में K_{sp} का क्रम तथा अवक्षेपण –

$BaCO_3 < SrCO_3 < CaCO_3$

कुछ महत्वपूर्ण बिन्दु :

(A) K_W के विभिन्न रूप

(a) $K_W = [H^+]\,[OH^-]$ जल के लिए $[H^+] = [OH^-]$
(b) $K_W = [H^+]^2$
(c) $K_W = [OH^-]^2$
(d) $K_W = [H_3O^+]\,[OH^-]$
(e) $K_W = [H_3O^+]^2$ $\{[H_3O^+] = [H^+]\}$
हाइड्रोनियम आयन प्रोटोन

(B) समहाइड्रिक विलयन –

यदि विभिन्न–विभिन्न प्रकार के विलयन जिनकी pH समान हो, वह विलयन समहाइड्रिक विलयन कहलाते हैं।
मुख्य बिन्दु :– दो दुर्बल अम्ल, HA_1 तथा HA_2 के लिए समहाइड्रिक परिस्थिति जबकि इनकी क्रमशः सान्द्रतायें C_1 तथा C_2 और आयनन स्थिरांक Ka_1 तथा Ka_2 है।

तब $[H^+]_1 = \sqrt{Ka_1 C_1}$ तथा $[H^+]_2 = \sqrt{Ka_2 C_2}$

दी गई परिस्थिति के अनुसार समहाइड्रिक विलयनों के लिए pH का मान समान होता है।

अतः $[H^+]_1 = [H^+]_2$

$$\sqrt{Ka_1 C_1} = \sqrt{Ka_2 C_2}$$

$$\boxed{Ka_1 C_1 = Ka_2 C_2} \text{ or } \boxed{\frac{Ka_1}{V_1} = \frac{Ka_2}{V_2}} \quad \because \quad \boxed{C \propto \frac{1}{V}}$$

(C) अम्ल तथा क्षारों की सामर्थ्य :–

हम जानते हैं कि $\boxed{\text{अम्ल की सामर्थ्य} \propto [H^+]}$

दो दुर्बल अम्ल, HA_1 तथा HA_2 जिनकी सान्द्रतायें क्रमशः C_1 तथा C_2, आयनन की मात्रा α_1 तथा α_2 तथा आयनन स्थिरांक Ka_1 तथा Ka_2 है, के लिए अम्ल की सामर्थ्य का अनुपात –

हम जानते हैं कि $[H^+] = C\alpha = \sqrt{KaC}$

इसलिए $$\frac{HA_1 \text{ दुर्बल अम्ल की सामर्थ्य}}{HA_2 \text{ दुर्बल अम्ल की सामर्थ्य}} = \frac{[H^+]_1}{[H^+]_2} = \frac{C_1\alpha_1}{C_2\alpha_2} = \frac{\sqrt{Ka_1C_1}}{\sqrt{Ka_2C_2}}$$

यदि $C_1 = C_2$ $$\boxed{\frac{\text{दुर्बल अम्ल } HA_1 \text{ की सामर्थ्य}}{\text{दुर्बल अम्ल } HA_{12} \text{ की सामर्थ्य}} = \sqrt{\frac{Ka_1}{Ka_2}}}$$

अतः दो समान सान्द्रता वाले दुर्बल अम्लों की आपेक्षिक सामर्थ्य उनके आयनन स्थिरांकों के अनुपात के वर्गमूल के बराबर होती है।

(D) परिणामी सान्द्रता :–

जब दो अक्रियाशील वैद्युत अपघट्य AB तथा CD जिनकी क्रमशः सान्द्रतायें C1 तथा C2 और आयतन V1 तथा V2 है, को एक पात्र में मिलाया जाता है तो पात्र का कुल आयतन V1 + V2 होगा तथा प्रत्येक वैद्युत अपघट्य की परिणामी सान्द्रता निम्न होगी –

AB की परिणामी सान्द्रता $\Rightarrow C'_1 = \frac{C_1V_1}{V_1 + V_2}$

CD की परिणामी सान्द्रता $\Rightarrow C'_2 = \frac{C_2V_2}{V_1 + V_2}$

यदि दोनों वैद्युत अपघट्यों के आयतन बराबर हों $V_1 = V_2 = V$
तो प्रत्येक वैद्युत अपघट्य की परिणामी सान्द्रता पहले की सान्द्रता की आधी होगी।

$$C'_1 = \frac{C_1V}{V+V} = \frac{C_1}{2} \quad , \quad C'_2 = \frac{C_2V}{V+V} = \frac{C_2}{2}$$

$\boxed{C'_1 = \frac{C_1}{2}}$ तथा $\boxed{C'_2 = \frac{C_2}{2}}$

मुख्य बिन्दु : यदि विभिन्न वैद्युत अपघट्यों के विभिन्न n प्रकार के विलयन समान आयतन में मिलाये जाते हैं, तो प्रत्येक वैद्युत अपघट्य की परिणामी सान्द्रता पहले की सान्द्रता की $\frac{1}{n}$ गुना होगी।

Ex.15 जल में $BaSO_4$ की विलेयता $1.07 \times 10^{-5} mol^{-3}$ हैं, इसके विलेयशील उत्पाद का अनुमान लगाएं

Sol. $BaSO_4$ के लिए विलेयता की समीकरण हैं

$$BaSO_{4(s)} \rightleftharpoons Ba^{+2} + SO_4^{2-}$$

$S = 1.07 \times 10^{-5}$ m

$Ksp = (S)^2 = (1.07 \times 10^{-5})^2 = 1.145 \times 10^{-10}$

Ex.16 AgBr का विलेयता गुणनफल 5.2×10^{-13} हैं, mol dm^{-3} और g dm^{-3} में इसकी विलेयता की गणना कीजिए

Sol. $AgBr_{(s)} \rightleftharpoons Ag^+_{(aq)} + Br^-_{(aq)}$

$K_{sp} = (s)^2$

$S = \sqrt{K_{sp}} = \sqrt{5.2 \times 10^{-13}} = 7.2 \times 10^{-7}$ mol dm^{-3}

g dm^{-3} में विलेयता = मोलर विलेयता × मोलर द्रव्यमान = $7.2 \times 10^{-7} \times 107.0 = 1.35 \times 10^{-4}$ g dm^{-3}

Ex.17 0.04M $CaCl_2$ और 0.0008M Na_2SO_4 की समान मात्रा को मिलाया जाता हैं। एक अवक्षेप बन जाएगा ? $CaSO_4$ के लिए $K_{sp} = 2.4 \times 10^{-5}$

Sol. $\underset{0.04V}{CaCl_2} + \underset{0.0008V}{Na_2SO_4} \rightarrow CaSO_4 + \underset{0}{2NaCl}$

मान लीजिए दोंनो के $\overset{0}{V}$mL मिश्रित हैं

$$[Ca^{2+}] = \frac{0.04v}{2v}; [SO_4^{2-}] = \frac{0.0008M}{2v}$$

$$\therefore [Ca^{+2}][SO_4^{2-}] = \frac{0.04v}{2v} \times \frac{0.0008V}{2v} = 8 \times 10^{-6}$$

इस प्रकार $[Ca^{+2}][SO_4^{2-}]$ विलयन में < KsP

∴ $CaSo_4$ नही बनेगा

PRACTICE SECTION-03

Q.1 दो दुर्बल अम्ल HCOOH ($K_a = 2 \times 10^{-4}$) तथा HF ($K_a = 6.6 \times 10^{-4}$) की संबंधित सामर्थ्य होगी :

(1) 0.30 (2) 0.55 (3) 3.33 (4) 1.82

Q.2 298 K पर AgCl का विलेयता उत्पाद 4.0×10^{-10} है। 0.04 m $CaCl_2$ में AgCl की विलेयता होगी ?

(1) 2×10^{-5} m (2) 1×10^{-4} m (3) 5×10^{-9} m (4) 2.2×10^{-4} m

Q.3 Na_2SO_4 विलयन में प्रत्येक Ag^+, Ba^{2+}, Ca^{2+} आयनो के 0.1 M विलयन को मिलाने पर सबसे पहले अवक्षेपित प्रजाती होगी (K_{sp} $BaSO_4 = 10^{-11}$, K_{sp} $CaSO_4 = 10^{-6}$, K_{sp} $Ag_2SO_4 = 10^{-5}$)

(1) Ag_2SO_4 (2) $BaSO_4$ (3) $CaSO_4$ (4) उपरोक्त सभी

Q.4 निम्न Ca^{2+} तथा F^- विलयनों के समान आयतन मिलाये जाते है। कौनसे विलयन में अवक्षेपण होता है?
(CaF_2 का $K_{sp} = 1.7 \times 10^{-10}$)

(1) 10^{-2} M Ca^{2+} + 10^{-5} M F^- (2) 10^{-3} M Ca^{2+} + 10^{-3} M F^-

(3) 10^{-4} M Ca^{2+} + 10^{-3} M F^- (4) 10^{-2} M Ca^{2+} + 10^{-3} M F^-

Q.5 ताप T पर MX, MX_2 तथा M_3X प्रकार के लवणों के विलेयता उत्पाद नियतांक (K_{sp}) क्रमशः 4.0×10^{-8}, 3.2×10^{-14} तथा 2.7×10^{-15} है ताप T पर लवणों की विलेयता (mol dm^{-3}) किस क्रम में होगी

(1) $MX > MX_2 > M_3X$ (2) $M_3X > MX_2 > MX$ (3) $MX_2 > M_3X > MX$ (4) $MX > M_3X > MX_2$

Q.6 25°C पर जल में Hg_2Cl_2 का विलेयता उत्पाद 3.2×10^{-17} mol^3 dm^{-9} है तो 25ºC पर जल में Hg_2Cl_2 की विलेयता क्या होगी?

(1) 1.2×10^{-12} M (2) 3.0×10^{-6} M (3) 2×10^{-6} M (4) 1.2×10^{-16} M

Q.7 कितनी गुना 1 M CH_3 COOH के विलयन को तनुकृत करना होगा कि विलयन की pH दुगुनी हो जाये?
(ऐसिटिक अम्ल का $K_a = 1.8 \times 10^{-5}$)

(1) 210 गुना (2) 200 गुना (3) 5.55×10^2 गुना (4) 5.55×10^4 गुना

ANSWER KEY							
Que.	**1**	**2**	**3**	**4**	**5**	**6**	**7**
Ans.	2	3	2	4	4	3	4

pH प्रस्तावना

कुछ महत्वपूर्ण पदार्थों का pH :-

(i)	रक्त (Blood)	7.4
(ii)	आंसू (Tear)	7.4
(iii)	जठर रस (Gastric Juice)	1 से 3
(iv)	तरल पेय (Soft drink)	2 से 4
(v)	अम्लीय वर्षा (Acidic rain)	6
(vi)	दूध (Milk)	6.3 से 6.6
(vii)	जल (Water)	7

pH के प्रकार

(i) SA तथा SB की pH :- $[H^+] = C$, $[OH^-] = C$

(ii) WA तथा WB की pH :- $[H^+] = C\alpha$, $[OH^-] = C\alpha$

(iii) अत्यधिक तनु विलयन का pH (जल के H^+ तथा OH^- सम्मिलित होने पर)

(iv) लवण की pH

(1)	SA SBप्रकार के लवण	(हमेशा 7)
(2)	SA WB प्रकार के लवण	(< 7)
(3)	WA SBप्रकार के लवण	(> 7)
(4)	WA WB प्रकार के लवण	(लगभग 7)

(v) **अम्ल और क्षारों के मिश्रण की** pH

(a) **अम्लों के मिश्रण की** pH :

$N_1V_1 + N_2V_2 + N_3V_3 + \ldots\ldots\ldots\ldots = NV$

V = परिणामी विलयन का आयतन = $V_1 + V_2 + V_3 + \ldots\ldots\ldots$

N = परिणामी विलयन की नार्मलता = परिणामी विलयन में $[H^+]$

(b) **क्षारों के मिश्रण की** pH :

$N_1V_1 + N_2V_2 + N_3V_3 + \ldots\ldots\ldots\ldots = NV$

V = अन्तिम विलयन का आयतन = $V_1 + V_2 + V_3 + \ldots\ldots\ldots$

N = अन्तिम विलयन की नार्मलता = अन्तिम विलयन में $[OH^-]$

(c) **क्षार और अम्ल के मिश्रण की** pH :

अम्ल (acid) के लिए :

$N_1V_1 + N_2V_2 + N_3V_3 + \ldots\ldots\ldots\ldots = (NV)_{Acid}$

क्षार (base) के लिए :

$N_1V_1 + N_2V_2 + N_3V_3 + \ldots\ldots\ldots\ldots = (NV)_{Base}$

यदि $(NV)_{Acid} > (NV)_{Base}$ तब विलयन अम्लीय है।

$NV = (NV)_{Acid} - (NV)_{Base}$ तथा

$[H^+] = N$

यदि $(NV)_{Base} > (NV)_{Acid}$ तब विलयन क्षारीय है।

$NV = (NV)_{Base} - (NV)_{Acid}$ तथा

$[OH^-] = N$

NEET Sarthi

बफर विलयन (BUFFER SOLUTION) :

A. **परिभाषा**:

वे विलयन जो pH में परिवर्तन का विरोध करते है, बफर विलयन कहलाते है।,

B. **बफर के गुण** :

(i) ऐसे विलयनों की pH तनुता व सान्द्रता पर निर्भर नहीं करती, अर्थात ऐसे विलयनों में जल मिलाने पर अथवा इनमें से जल को निकालने पर pH में कोई परिवर्तन नहीं होता है।

(ii) ऐसे विलयनों में प्रबल अम्ल या प्रबल क्षार की अल्प मात्राा मिला देने पर विलयन की pH में नगण्य परिवर्तन होता है।

विशेष बिन्दु :- उपस्थित मुक्त H^+ या OH^- आयनों की सान्द्रता में परिवर्तन के कारण विलयन के pH में परिवर्तन होता है।

बफर विलयन के प्रकार (TYPES OF BUFFER SOLUTION):

(A) साधारण बफर विलयन

(B) मिश्रित बफर विलयन:- (i) अम्लीय बफर विलयन (ii) क्षारीय बफर विलयन

(A) साधारण बफर विलयन:-दुर्बल अम्ल–दुर्बल क्षार (WA-WB) प्रकार के लवणों का जलीय विलयन, साधारण बफर विलयन कहलाता है।

Ex. CH_3COONH_4, NH_4CN, AgCN etc.

$$pH = 7 + \frac{1}{2} pK_a - \frac{1}{2} pK_b$$

$CH_3COO^- + NH_4^+ + H_2O \rightleftharpoons CH_3COOH + NH_4OH$.

Case 1. अम्ल मिलाने पर $[H^+]$

$CH_3COO^- + H^+ \rightleftharpoons CH_3COOH$

$NH_4OH + H^+ \rightleftharpoons NH_4^+ + H_2O$

Case 2. क्षार मिलाने पर $[OH^-]$

$NH_4^+ + OH^- \rightleftharpoons NH_4OH$

$CH_3COOH + OH^- \rightleftharpoons CH_3COO^- + H_2O$

(B) मिश्रित बफर विलयन :

(i) अम्लीय बफर विलयन :– किसी दुर्बल अम्ल व उसी दुर्बल अम्ल के किसी प्रबल क्षार के साथ बने लवण के मिश्रण का जलीय विलयन, अम्लीय बफर विलयन कहलाता है।

Ex. CH_3COOH + CH_3COONa

WA WASB

- दुर्बल अम्ल + प्रबल क्षार

1. जब $N_1V_1 = N_2V_2 \Rightarrow$ लवण (WA SB)
2. जब $N_1V_1 > N_2V_2 \Rightarrow$ अम्लीय बफर विलयन (WA + WASB लवण)

$[CH_3COOH + CH_3COONa]$

$[CH_3COOH + CH_3COO^-]$ Na^+ (दर्शक आयन)

Case 1. अम्ल मिलाने पर $[H^+]$

$CH_3COO^- + H^+ \rightleftharpoons CH_3COOH$

Case 2. क्षार मिलाने पर $[OH^-]$

$CH_3COOH + OH^- \rightleftharpoons CH_3COO^- + H_2O$

अत : अम्लीय बफर विलयन के लिए दुर्बल अम्ल व उसका संयुग्मी क्षार होना आवश्यक है।

NEET Sarthi

(a) अम्लीय बफर विलयन की pH :

CH_3COOH + CH_3COONa

अम्ल + लवण

[CH_3COOH + CH_3COO^-] + Na^+

अम्ल संयुग्मी क्षार

$CH_3COOH \rightleftharpoons CH_3COO^- + H^+$

$$K_a = \frac{[CH_3COO^-][H^+]}{[CH_3COOH]}$$

या $$[H^+] = \frac{Ka[CH_3COOH]}{[CH_3COO^-]} = \frac{K_a[\text{अम्ल}]}{[\text{संयुग्मी}]}$$

दोनों तरफ –log लेने पर

$$pH = pKa - \log \frac{[\text{अम्ल}]}{[\text{संयुग्मी}]} \text{ या } pH = pKa + \log \frac{[\text{संयुग्मी}]}{[\text{अम्ल}]}$$

हेण्डरसन समीकरण :

$$\boxed{pH = pKa + \log \frac{[\text{लवण}]}{[\text{अम्ल}]}}$$

(b) अम्लीय बफर विलयन की pH परास :

CH_3COOH CH_3COONa

1 : 10 $pH = pKa + \log \frac{10}{1}$

$pH = pKa + 1$

10 : 1 $pH = pKa - 1$

pH परास

$$\boxed{pH = pKa \pm 1}$$

(c) अम्लीय बफर विलयन की अधिकतम बफर क्रिया की शर्त :

CH_3COOH CH_3COONa

1 : 1 $pH = pK_a + \log \frac{1}{1}$

$$\boxed{pH = pKa}$$

(ii) क्षारीय बफर विलयन :

परिभाषा :किसी दुर्बल क्षार तथा उसी दुर्बल क्षार का किसी प्रबल अम्ल के साथ बने लवण के मिश्रण का जलीय विलयन, क्षारीय बफर विलयन कहलाता है।

Ex. $NH_4OH + NH_4Cl$ $[NH_4^+] = [NH_4Cl]$

$[NH_4OH + NH_4^+] + Cl^-$ [दर्शक आयन]

Case 1. अम्ल मिलाने पर [H^+]

$NH_4OH + H^+ \rightleftharpoons NH_4^+ + H_2O$.

Case 2. क्षार मिलाने पर [OH^-]

$NH_4^+ + OH^- \rightleftharpoons NH_4OH$

(a) क्षारीय बफर विलयन की pOH :

$[NH_4OH + NH_4Cl]$

$NH_4OH \rightleftharpoons NH_4^+ + OH^-$

$K_b = \frac{[NH_4^+][OH^-]}{[NH_4OH]}$ **या** $[OH^-] = \frac{K_b[NH_4OH]}{[NH_4^+]}$

दोनों तरफ –log लेने पर $pOH = pK_b + \log\frac{[NH_4^+]}{[NH_4OH]}$

हेण्डरसन समीकरण : $\boxed{pOH = pK_b + \log\frac{[\text{लवण}]}{[\text{क्षार}]}}$

(b) क्षारीय बफर विलयन की pOH परास

NH_4OH	:	NH_4Cl
1	:	10
10	:	1

$\boxed{pOH = pK_b \pm 1}$

(c) क्षारीय बफर विलयन की अधिकतम बफर क्रिया की शर्त :

NH_4OH	:	NH_4Cl
1	:	1

$\boxed{pOH = pK_b}$

बफर क्षमता:

परिभाषा : प्रबल अम्ल या प्रबल क्षार के मोल जिससे एक लीटर बफर विलयन की pH में एक इकाई की वृद्धि हो, बफर क्षमता कहते हैं।

बफर क्षमता = $\frac{\text{मिलाए गए अम्ल या क्षार के तुल्यांक}}{\text{बफर की pH में परिवर्तन (प्रति लीटर)}}$

Ex.18 यदि HCl के दो मोल एक अम्लीय बफर विलयन के 1 लीटर में मिलाए जाते है यदि इसका pH 3.9 से 3.4 में परिवर्तित होता है तो इसकी बफर क्षमता ज्ञात कीजिये।

Sol. B.C. = $\frac{2}{0.5} = 4$

Ex.19 pH = 6 का बफर विलयन तैयार करने के लिए अम्ल के 0.2 m विलयन की कितनी मात्रा 100mL या 0.2m विलयन या सोडियम में मिलाया जाना चहिए

pKa or $CH_3COOH = 4.74$

Sol. $P^H = P^{ka} + \log\frac{Salt}{Acid}$

$\log\frac{[Salt]}{[Acid]} = P^H - P^{ka} = 6 - 4.74 = 1.26$

$\frac{[Salt]}{[Acid]} = 18.2$

विलियन में CH_3COONa का मोल $\frac{100\times0.2}{1000} = 0.02$

यदि 0.2 एसिटिक अम्ल की मात्रा को जोडा गया $\frac{U \times 0.2}{1000}$

$\frac{0.2}{U\times\frac{0.2}{1000}} = 10.2$

U = 5.49 mL

NEET Sarthi

PRACTICE SECTION-04

Q.1 निम्न में से किसका pH मान एक के बराबर नही होता है –
(1) 0.1 M CH_3COOH (2) 0.1 M NHO_3
(3) 0.05 M H_2SO_4 (4) 50 cm^3 0.4 M HCl + 50 cm^3 0.2 M NaOH

Q.2 एक विलयन की pH ज्ञात कीजिए जिसमें 0.1 M HCl के 100 mL तथा 1.0 M NaOH के 9.9 mL उपस्थित है।
(1) 3.04 (2) 6.08 (3) 11.96 (4) कोई नहीं

Q.3 निम्न में से कौनसा 0.01 M हाइड्रॉक्लोरीक अम्ल के 50 mL की pH घटायेगा
(1) 0.01 M HCl के 50 mL का योग (2) 0.002 M HCl के 50 mL का योग
(3) धात्विक जिंक का योग (4) 1 M HCl के 5 mL का योग

Q.4 0.20 M CH_3COOH के 50 mL के साथ 0.2 M HCl के 50 mL को मिलाने से प्राप्त एक विलयन की pH होगी –
(1) 0.30 (2) 0.70 (3) 1.00 (4) 2.00

Q.5 0.1 M अमोनिया के 40 ml को 0.1 M HCl के 20 ml के साथ मिलाया जाता है तो मिश्रण की pH क्या होगी (अमोनिया विलयन की pK_b 4.74 है)
(1) 4.74 (2) 2.26 (3) 9.26 (4) 5.00

Q.6 pH 1 के HCl के एक जलीय विलयन में pH 2 का एक जलीय विलयन प्राप्त करने के लिए जल के कितने लीटर मिलाये जायेंगे।
(1) 9.0 L (2) 0.1 L (3) 0.9 L (4) 2.0 L

Q.7 किस आयतन अनुपात में NH_4Cl तथा NH_4OH विलयन (प्रत्येक 1 M) pH 9.80 के एक बफर विलयन प्राप्त करने के लिए मिश्रीत होगे। (NH_4OH का $pK_b = 4.74$)
(1) 1 : 2.5 (2) 2.5 : 1 (3) 1 : 3.5 (4) 3.5 : 1

Q.8 एक बफर विलयन में 0.1 M ऐसिटिक अम्ल के 1000 cm^3 में सोडियम ऐसिटेट के 0.1 मोल उपस्थित है। ऊपर दिये गये बफर विलयन में सोडियम ऐसिटेट के 0.1 मोल फिर मिलाये जाते है परिणामित बफर की pH किसके बराबर होगी–
(1) pK_a – log 2 (2) pK_a (3) pK_a+2 (4) pK_a + log 2

ANSWER KEY								
Que.	**1**	**2**	**3**	**4**	**5**	**6**	**7**	**8**
Ans.	1	1	4	3	3	1	3	4

सूचक परिचय

(A) परिभाषाः –वे यौगिक या पदार्थ जो अपने स्वयं के रंग को बदलकर विलयन की प्रकृति का संकेत देते हैं।

(B) सूचक के प्रकार :

(a). अम्लीय संकेतक (HIn)

Ex. फिनोल्फ्थेलीन (HPh)

$$HPh \rightleftharpoons H^+ + Ph^-$$
रंगहीन गुलाबी

(b). क्षारीय सूचक (InOH)

Ex. मेथिल ऑरेन्ज (MeOH)

$$MeOH \rightleftharpoons Me^+ + OH^-$$
पीला नांरगी लाल

- **संकेतकों का ओस्टवाल्ड सिद्धांत**

(i) इस सिद्धांत के अनुसार प्रत्येक सूचक, दुर्बल कार्बनिक अम्ल या क्षार होता है।

(ii) प्रत्येक सूचक का अनआयनित भाग हल्का रंग जबकि आयनित भाग गहरा रंग दर्शाता है।

(iii) प्रत्येक सूचक अपने से विपरित माध्यम में रंग परिवर्तन दर्शाता है अर्थात कार्य करता है जिसके कारण अनआयनित भाग का आयनित भाग में बदल जाना है।

Ex. अम्लीय संकेतक HPh

Case 1. $HPh \rightleftharpoons H^+ + Ph^-$

उच्च अम्लीय माध्यम मे $[H^+]$, $[HPh] >> [Ph^-]$

रंगहीन

Case 2. $HPh \rightleftharpoons H^+ + Ph^-$

उच्चक्षारीय माध्यम मे $[OH^-]$ $[Ph^-] >> [HPh]$

गुलाबी रंग

(a) अम्लीय सूचक की pH -

$HIn \rightleftharpoons H^+ + In^-$

$$K_I = \frac{[H^+][In^-]}{[HIn]}$$

$$[H^+] = \frac{K_I[HIn]}{[In^-]}$$

दोनो तरफ $-\log$ लेने पर

$pH = pK_I - \log [HIn] + \log [In^-]$

$$pH = pK_I + \log \frac{[In^-]}{[HIn]}$$

$$\boxed{pH = pK_1 + \log \frac{[\text{आयनित}]}{[\text{अनआयनित}]}}$$

(b) क्षारीय सूचक की pOH -

$InOH \rightleftharpoons In^+ + OH^-$

$$K_I = \frac{[In^+][OH^-]}{[InOH]}$$

$$\boxed{pOH = pK_1 + \log \frac{[\text{आयनित}]}{[\text{अनआयनित}]}}$$

(c) अम्लीय सूचक की pH परास :

$[HIn]$	:	$[In^-]$
1	:	10
10	:	1

$$\boxed{pH = pK_I \pm 1}$$

NEET Sarthi

(d) क्षारीय सूचक की pOH परास :

[InOH] : [In^+]

1 : 10

10 : 1

$pOH = pK_I \pm 1$

(e) सूचकों के उदासीन अवस्था की शर्त (कार्य न करने की शर्त)

अम्लीय सूचक की शर्त : क्षारीय सूचक की शर्त

[HIn] : [In^-] [InOH] : [In^+]

1 : 1 1 : 1

$pH = pK_I$ $pOH = pK_I$

क्र.सं.	सूचक का नाम	में रंग	अम्लीय माध्यम में रंग	क्षारीय माध्यम	pH परास	सूचक की कार्यकारी
1.	मेथिल ओरेन्ज (MeOH)		नारंगी लाल	पीला		3.1 से 4.5
2.	मेथिल रेड		लाल	पीला		4.2 से 6.2
3.	फिनोल रेड		पीला	लाल		6.2 से 8.2
4.	फिनोल्फ्थेलीन (HPh)		रंगहीन	गुलाबी		8.2 से 10.2

अम्ल–क्षार अनुमापनः

क्र.सं.	अनुमापन के प्रकार	अनुमापन की pH परास	उपर्युक्त सूचक
1.	SA/SB	3 – 11	सभी सूचक (MeOH, HPh आदि)
2.	SA/WB	3 – 7	मेथिल ऑरेंज (MeOH) , मेथिल रेड
3.	WA/SB	7 – 11	फिनोल्फ्थेलीन (HPh)
4.	WA/WB	6.5 – 7.5	फिनोल रेड

अनुमापन के मुख्य बिन्दु :

(i) अनुमापन सदैव दो विपरित विलयनों के मध्य ही संभव है। (एक अम्लीय व दूसरा क्षारीय)

(ii) किसी अनुमापन हेतु सूचक का चयन करते समय यह आवश्यक है कि सूचक की कार्यकारी pH परास, अनुमापन परास में आती हो। (अर्थात उभयनिष्ठ हो)

(iii) अनुमापन में अंतिम बिन्दु पर सदैव अम्ल व क्षार के तुल्यांक समान होते है। यह अनुमापन की आवश्यक शर्त है।

(iv) अंतिम बिन्दु पर विलयन की प्रकृति अनुमापन के प्रकार पर निर्भर करती है।

SA/SB - उदासीन (pH = 7)

SA/WB - अम्लीय

WA/SB - क्षारीय

WA/WB - कुछ भी हो सकता है।

संकेतकों के बेंजीनॉयड और क्विनोनॉयड सिद्धांत

(i) इस सिद्धांत के अनुसार प्रत्येक सूचक ऐरोमेटिक यौगिक होते है।

(ii) सूचक का अनआयनित भाग बेन्जेनोयड (Benzenoid form) जबकि आयनित भाग क्विनोनोयड रूप (Quinonoid form) कहलाते है।



Benzenoid form (अनआयनित) ⇌ Quinonoid form (आयनित)

(iii) प्रत्येक सूचक का बेन्जेनोयड (Benzenoid form) रूप हल्का रंग दर्शाता है जबकि क्विनोनोयड रूप (Quinonoid form) गहरा रंग दर्शाता है।

(iv) प्रत्येक सूचक अपने से विपरित माध्यम में रंग परिवर्तन दर्शाता है जिसका कारण सूचक के अनआयनित भाग का आयनित भाग में बदल जाना है।

(a)



Benzenoid form (HPh) Quinonoid form (Ph^-)

(b)



बेन्जेनोयड रूप (MeOH)

क्विनोनोयड रूप (MeOH) अम्लीय विलयन (लाल)

अम्ल और क्षार संकल्पना (ACID AND BASE CONCEPT) :

आरहेनियस अवधारणा (1884)

(a) अम्ल Acid):- आरहिनियस के अनुसार अम्ल वे यौगिक या पदार्थ है जो जलीय विलयन में मुक्त H^+ आयन देते है।

Ex. HCl, HNO_3, H_2SO_4, H_3PO_4, H_2CO_3, H_2S, CH_3COOH etc.

$HCl + H_2O \longrightarrow H^+(aq.) + Cl^-(aq.)$

$H_2SO_4 + H_2O \longrightarrow 2H^+(aq.) + SO_4^{-2}(aq.)$

$CH_3COOH + H_2O \longrightarrow CH_3COO^-(aq.) + H^+(aq.)$

(b) क्षार (Base) :- इस सिद्धान्त के अनुसार क्षार वे यौगिक या पदार्थ है जो जलीय विलयन में मुक्त OH^- आयन देते है।

Ex. NaOH, KOH, Cs(OH), Rb(OH), NH_4OH, $Ba(OH)_2$, $Ca(OH)_2$, $Al(OH)_3$ etc.

$NaOH + H_2O \longrightarrow Na^+(aq.) + OH^-(aq.)$

$Ba(OH)_2 + H_2O \longrightarrow Ba^{+2}(aq.) + 2OH^-(aq.)$

$Al(OH)_3 + H_2O \longrightarrow Al^{+3}(aq.) + 3OH^-(aq.)$

(c) पानी की प्रकृति :– यह सिद्धान्त पानी की प्रकृति को उदासीन मानता है जो कि एक विलायक की तरह कार्य करता है।

(d) उदासीनीकरण अभिक्रिया :– इस सिद्धान्त के अनुसार अम्ल तथा क्षार क्रिया करके जल का अणु बना देना ही उदासीनीकरण अभिक्रिया कहलाती है।

अर्थात् $Na^+ + OH^- + H^+ + Cl^- \longrightarrow NaCl + H_2O$

$H^+ + OH^- \longrightarrow H_2O$

(e) सामर्थ्य की व्याख्या :– यह सिद्धान्त अम्ल तथा क्षारों के सामर्थ्य की व्याख्या आयनन की मात्राा के आधार पर करता है, अर्थात् जिस वैद्युत अपघट्य का जितना अधिक आयनन, वह उतना ही अधिक प्रबल तथा जिसका जितना कम आयनन, वह उतना ही अधिक दुर्बल होगा।

Ex. प्रबल वैद्युत अपघट्य के लिए $\alpha \tilde{=} 100\%$

दुर्बल वैद्युत अपघट्य के लिए $\alpha < 100\%$

(f) Advantage :- यह सिद्धान्त अम्ल तथा क्षारों की प्रायोगिक व्याख्या करने में सक्षम है अर्थात् जैसे कि pH ज्ञात करना, आयनन स्थिरांक, जल अपघटन स्थिरांक, उदासीनीकरण की ऊष्मा आदि ज्ञात करना।

(g) Disadvantage :-

(i) यह सिद्धान्त अम्ल तथा क्षारों की प्रायोगिक व्याख्या केवल और केवल जल में ही कर सकता है, अन्य विलायकों में नहीं कर सकता है।

(ii) प्रोटोन (H^+) के स्थायित्व की व्याख्या नहीं करता है।

(iii) सयुंग्मी अम्ल तथा क्षार की व्याख्या नहीं करता है।

(iv) अप्रोटिक अम्ल तथा क्षार (SO_2, CO_2, $SiCl_4$, $AlCl_3$ etc.) की भी व्याख्या नहीं करता है।

ब्रॉन्सटेड–लॉरी सिद्धान्तः

यह सिद्धान्त प्रोटोन के आदान प्रदान पर आधारित है।

(a) अम्ल (Acid) :- इस सिद्धान्त के अनुसार वे यौगिक या पदार्थ या प्रजाति जो किसी भी विलायक मे और किसी भी तरह प्रोटोन देने की प्रवृति रखते हो अम्ल कहलाते है।

Ex. (i) HCl, HNO_3, H_2SO_4, H_2CO_3, H_2S, CH_3COOH, H_3PO_3 आदि।

(ii) HS^-, HCO_3^-, HSO_4^-, $H_2PO_4^-$, HPO_4^{-2}, H_2O आदि।

(iii) NH_4^+, H_3O^+, PH_4^+, $CH_3COOH_2^+$ आदि।

(vi) $[Al(H_2O)_6]^{+3}$, $[Ag(H_2O)_2]^{+1}$, $[Fe(H_2O)_6]^{+3}$ आदि।

(a) HCl (अम्ल) + H_2O (विलायक) $\longrightarrow$ $H_3O^+ + Cl^-$

(b) HS^- (अम्ल) + H_2O (विलायक) $\longrightarrow$ $H_3O^+ + S^{-2}$

(c) NH_4^+ (अम्ल) + H_2O (विलायक) $\longrightarrow$ $NH_3 + H_3O^+$

(d) $[Al(H_2O)_6]^{+3}$ (अम्ल) + H_2O (विलायक) $\longrightarrow$ $[Al(H_2O)_5OH]^{+2} + H_3O^+$

(b) क्षार (Base) :- वे यौगिक या पदार्थ या प्रजाति जो किसी भी विलायक में और किसी भी तरह प्रोटोन ग्रहण करने की प्रवृत्ति रखते हो, क्षार कहलाते हैं।

Ex. (i) $NaOH$, KOH, $Rb(OH)$, $Cs(OH)$, $Ba(OH)_2$, $Ca(OH)_2$, NH_4OH, $Al(OH)_3$ etc.

(ii) HS^-, HCO_3^-, HSO_4^-, $H_2PO_4^-$, HPO_4^{-2}, H_2O etc.

(iii) NH_3, RNH_2, R_2NH, R_3N, $C_6H_5NH_2$, C_5H_5N, $H_2N\text{-}NH_2$ etc.

(iv) O^{-2}, SO_4^{-2}, CO_3^{-2}, Cl^-, Br^-, I^-, CN^- etc.

(a) $NaOH$ (क्षार) + H_2O (विलायक) $\longrightarrow$ $OH^- \xrightarrow[\text{अस्थायी}]{+NaOH_2^+} Na^+ + H_2O$

(b) HS^- (क्षार) + H_2O (विलायक) $\longrightarrow$ $H_2S + OH^-$

(c) NH_3 (क्षार) + H_2O (विलायक) $\longrightarrow$ $NH_4^+ + OH^-$

(d) CO_3^{-2}(क्षार) + H_2O (विलायक) $\longrightarrow$ $HCO_3^- + OH^-$

(c) पानी की प्रकृति :– इस सिद्धान्त के अनुसार पानी की प्रकृति उभयप्रोटिक होती है अर्थात् पानी, अम्ल तथा क्षार दोनों की तरह कार्य करता है।

(i) HCl (अम्ल) + H_2O (क्षार) $\longrightarrow$ $Cl^- + H_3O^+$

(ii) NH_3 (क्षार) + H_2O (अम्ल) $\longrightarrow$ $NH_4^+ + OH^-$

(d) उदासीनीकरण अभिक्रिया :– इस सिद्धान्त के अनुसार अम्ल तथा क्षार की क्रिया करके, अपने–अपने संयुग्मी अम्ल–क्षार में बदल जाना ही उदासीनीकरण अभिक्रिया कहलाती है।

Ex.

$$\underset{\text{अम्ल}}{HCl} + \underset{\text{क्षार}}{NH_3} \rightleftharpoons \underset{\text{संयुग्मी क्षार}}{Cl^-} + \underset{\text{संयुग्मी अम्ल}}{NH_4^+}$$

(e) अम्ल तथा क्षारो के सामर्थ्य की व्याख्या :- यह सिद्धान्त अम्ल तथा क्षारों की सामर्थ्य की व्याख्या प्रोटोन दाता एवं ग्राही के सापेक्ष प्रवृति के आधार पर करता है।

(i) $HClO_4$ (ix) H_3PO_4 (xvii) H – OH
(ii) HI (x) HF (xviii) C_2H_5–OH
(iii) HBr (xi) CH_3COOH (xix) $C_6H_5NH_2$
(iv) H_2SO_4 (xii) H_2CO_3 (xx) NH_3
(v) HCl (xiii) H_2S (xxi) R–NH_2
(vi) HNO_3 (xiv) NH_4^+ (xxii) CH_4
(vii) H_3O^+ (xv) HCN (xxiii) H_2
(viii) HSO_4^- (xvi) C_6H_5OH

Ex. (i) $HCl + H_2O \rightleftharpoons Cl^- + H_3O^+$
प्रबल अम्ल प्रबल क्षार दुर्बल क्षार दुर्बल अम्ल

(ii) $CH_3COOH + H_2O \rightleftharpoons CH_3COO^- + H_3O^+$
दुर्बल अम्ल दुर्बल क्षार प्रबल क्षार प्रबल अम्ल

(iii) $NH_3 + H_2O \rightleftharpoons NH_4^+ + OH^-$
दुर्बल क्षार दुर्बल अम्ल प्रबल अम्ल प्रबल क्षार

(iv) $HCl + CH_3COOH \rightleftharpoons Cl^- + CH_3COOH_2^+$
दुर्बल अम्ल दुर्बल क्षार प्रबल क्षार प्रबल अम्ल

(v) $HCl + NH_3 \rightleftharpoons Cl^- + NH_4^+$
प्रबल अम्ल प्रबल क्षार दुर्बल क्षार दुर्बल अम्ल

(vi) $CH_3COOH + NH_3 \rightleftharpoons CH_3COO^- + NH_4^+$
प्रबल अम्ल प्रबल क्षार दुर्बल क्षार दुर्बल अम्ल

लुईस अवधारणा (LEWIS CONCEPT) (1939):

